The hon. Member who preceded me referred to the contract labour system prevalent both in the public and in the private sectors. The contract labour system is worse than the bonded labour, about the eradication of which we seem to be voasting incessantly. In the Seshasayee Paper Board unit in Pallipalayam, Salem District, we have nearly 3000 contract labourers. There are regular workers for the same kind of job. Such an invidious distinction between the contract labour and the regular workers doing the same kind of job should be ended forthwith. The State Government has 51 per cent shares in this industrial venture and yet the contract labour system is being perpetuated. The insensitivity of the State Government towards the problems of contract labour has to be condemned. The Government of India has to take immediate steps for abolishing contract labour from the country.

Many industrial establishments do not remit their share of Provident Fund under the Profit Fund Scheme. The Ramanujam Committee constituted to make recommendations for revamping the PF organisation has submitted its report and I demand that action should be taken immediately to ensure that the managements responsible for huge arrears are brought to book.

I am sorry to say that the ESI Dispensaries and Hospitals woefully lack in essential drugs. Besides, malpractices are galore in many of these hospitals. In the ESI Hospitals and Dispensaries around Madras the worker who goes to get a medical certificate on the ground of his sickness is asked to pay Rs. 5 or Rs. 2 for such a medical certificate. Even for giving good medicines money is demanded. The Government should take energetic steps to root out such malpractices from the ESI Hospitals which are to help the workers in their sickness.

In the matter of gratuity, I understand that there is a court ruling that the worker has to put in continuous work for 240 days to become eligible for 15 days' gratuity. This is quite unreasonable. If it is necesary the Government should amend the concerned law to ensure that 240 days' work is not insisted upon for earning 15 days' gratuity. I am sure that the Government will take immediate action in this matter.

The economy of the country is in the hands of our workers. Unless productivity is increased we have no redemption. In 1979 out of the total loss of time 80 per cent was due to strike and 20 per cent to lock-out. In 1980 out of the total loss of time 54 per cent was due to strike and 46 per cent due to lock-out. The duration of lock-out has increased because of paucity of power. The Government should ensure continuous supply of power so that the industries produce more with the cooperation of workers.

Throughout the country there are 633 Employment Exchanges, on the live registers of which about 1.60 crores have registered themselves seeking employment. The Government should not only formulate purposeful schemes but also implement them on a war-footing before the situation goes out of the hands of Government.

The exploitation of child labour is widely prevalent throughout the country. In Tamil Nadu in Sivakasi, where the match industries are concentrated, this problem is acute. The children

who are easily susceptible to serious impairment of health are being employed in matches and match-boxes manufacturing where chemicals are used. They are becoming victims of vicious diseases. The Government of India should enact a law abolishing child labour in such dangerous industries.

Supporting the demands for grants of the Labour Ministry and thanking the Chair for giving me an opportunity to say these words, I resume my seat.

15 hrs.

श्रीमती ऊषा वर्मा (खेरी) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इससे पूर्व कि मैं श्रम विभाग के बारे में कुछ कहूं, आपका और सदन का ध्यान मैं इस ओर आकृष्ट करना चाहूंगी कि माननीय प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सत्ता जनता शासन के हाथों में सौंपते समय देश में जो श्रमिक शान्ति और उत्पादन वृद्धि का ठोस धरातल छोड़ा था जनता पार्टी के लगभग तीन वर्षों के शासन में देश में श्रमिक अशान्ति का युग पुनः शुरू हो गया जिस के फलस्वरूप न केवल देश के प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ते हुए आन्दोलन और श्रमिक दिवसों के नष्ट होने के कारण प्रत्येक स्तर पर उत्पादन गिरा, अपितु अनुशासनहीनता भी बढ़ी । परिणामतः माननीय श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में पुनः देश की जनता ने उन में अपना विश्वास व्यक्त किया और उन्हें जनता पार्टी शासन द्वारा श्रमिक अशांति और महंगाई, अनुशासनहीनता एवं अराजकता से परिपूर्ण सत्ता विरासत में मिली । आज देश में श्रमिक अशान्ति का वातावरण है । इस पर काबू पाने के लिए हमारी माननीय प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जो प्रयास कर रही हैं उसकी प्रशंसा किए बगैर मैं नहीं रह सकती हूं । यह उनकी दूर दर्शिता और श्रमिकों के प्रति उनके विशेष लगाव का प्रतीक है ।

इस थोड़े से समय में न केवल श्रमिक शान्ति का वातावरण पूरे देश में बना है, अपितु हर क्षेत्र में अधिकाधिक श्रमिक दिवसों का उपभोग कर उजड़ी हुई उत्पादन व्यवस्था में स्थिरता आई है । इस सब के लिए मैं श्री नारायण दत्त तिवारी और श्रीमती राम दुलारी सिन्हा की भी सराहना करना चाहूंगी जिन्होंने अपने कुशल मार्गदर्शन से देश में श्रमिक शान्ति के लिए उल्लेखनीय वातावरण और ठोस धरातल बनाया है। श्रम विभाग ने बन्धुआ मजदूरों को मुक्ति दिला कर उनके पुनर्वास के लिए छठी योजना में 25 करोड़ रुपये रखे हैं । 1981-82 के लिए 3 करोड़ 25 लाख रुपये का प्रावधान कर उन्हें शासकीय सेवाओं में चालीस वर्ष की आयु तक भर्ती करने की जो व्यवस्था की है, वह इस बात की परिचायक है कि वर्तमान सरकार बन्धुआ मजदूरों को वास्तव में अपने पैरों पर खड़ा करना चाहती है । श्रम विभाग ने देश के सब से बड़े ग्रामीण कृषक वर्ग को संगठित करने की जो योजना बनाई है और जिस को 1981-82 में केन्द्रीय विधान के रूप में लागू करने की योजना है वह भी इस बात का प्रमाण है कि सरकार ग्रामीण और कृषि कार्यों में लगे करोड़ों श्रमिकों के कल्याण और उनके लिए रोजगार उपलब्ध कराने तथा समान कार्य के लिए समान वेतन अर्थात मजदूरी वितरण में महिलाओं के उत्पीड़न की ओर सजग हैं और प्रयास भी कर रहे हैं । किन्तु विभिन्न राज्यों से इसके प्रभावी परिणाम अभी सामने नहीं आए हैं । अतः मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि वह महिला श्रमिकों के लिए पग उठाए । सरकारी क्षेत्र के संस्थानों के फालतु घोषित किए गए कर्मचारियों को दूसरे रोजगार प्रदान करने के सरकारी प्रयास भी सराहनीय हैं । मैं मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि वह इस में और तेजी लाने का प्रयास करें । सरकार ने

[श्रीमती ऊषा वर्मा]

अपंग व्यक्तियों और युद्ध में वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों को रोजगार के जो अवसर प्रदान किए हैं वह भी सराहनीय तो हैं किन्तु अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष में उन्हें शत प्रतिशत रोजगार के अवसर प्रदान कर सरकार अपने दायित्व का निर्वाह कर एक कीर्तिमान स्थापित करे। अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग वर्ष में विकलांग श्रमिकों के लिए जो योजनाएं घोषित की गई हैं उनको मूर्त रूप देना परम आवश्यक है। श्रम विभाग ने अनुसूचित जाति और जन जाति के उम्मीदवारों के लिए अध्ययन सुविधायें प्रदान करने और मार्गदर्शन करने तथा रोजगार के जो अवसर प्रदान किए हैं वह भी एक सराहनीय कार्य है।

केन्द्रीय श्रम मंत्री श्री नारायण दत्त तिवारी और केन्द्रीय श्रम राज्य मंत्री श्रीमती राम दुलारी सिन्हा ने 23 दिसंबर 1980 को क्रमशः इस सदन और राज्य सभा में पत्रकारों और गैर-पत्रकारों के कल्याण के लिए वर्णित पालेकर आयोग की सिफारिशों को लागू करके और बड़े पत्र समूहों द्वारा अंशकालिक संवाददाताओं की छटनी को अवध मानने की घोषणा करके यह सिद्ध कर दिया था कि केन्द्रीय सरकार देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता की सब से बड़ी हामी है। इस अवसर पर मैं केन्द्रीय श्रम मंत्री माननीय श्री तिवारी जी का ध्यान इस ओर विशेष रूप से खींचना चाहूंगी कि उनके द्वारा सदन में और सदन के बाहर अंशकालिक संवाददाताओं की छंटनी को रोकने के लिए जो घोषणाएं हैं उसको कार्यरूप देने के लिए वह कोई कानून बना रहे हैं। अगर बना रहे हैं तो कब तक? साथ ही रेल स्टेशनों पर काम करने वाले लगभग साढ़े 5 लाख पोर्टर्स, वैंडर्स, वीयरर्स के लिये कानून बना कर संरक्षण दिया जाय जिससे वह अपना शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर सकें।

15 hrs.

श्रीमती प्रमिला दंडवते : (बम्बई उत्तर मध्य) : डिप्टी स्पीकर साहब, आज अपनी इस सरकार में श्रम मंत्रालय की जैसे दाई के पास बच्चा बड़ा होता है, वैसी ही इसकी हालत है। और अभी डागा जी ने भाषण किया सारी चीजें अन्डर कन्सीडरेशन हैं। उस पर कुछ आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि दाई बेचारी क्या कर सकती है बच्चे की सदा मांग ही रहती है, अन्डर कन्सीडरेशन ही रहती है। यह मंत्रालय एक वेटिंग रूम हो गया है मिनिस्टर्स के लिये। एक साल में 3 मंत्री बदल गये, और हर एक की आशा है कि कौन से प्रांत में मुख्य मंत्री बनें। पहले पटनायक साहब थे वह उड़ीसा में मुख्य मंत्री बन कर चले गये, उसके बाद अन्जैया जी आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री बन कर चले गये, और हमारे वर्तमान श्रम मंत्री जी अभी अतम हो कर आये हैं, खुशी है कि वह इस समय सदन में मौजूद हैं। इसलिये जो प्रस्ताव होते हैं कम से कम एक साल में अन्डर कंसीडरेशनका प्रोग्राम न रह कर काम हो जाया करे। अगर दाई बच्चे को अपने गले लगा ले तो अच्छा हो सकता है।

पालेकर अवार्ड एक अच्छी बात हो गई। हमारे जर्नलिस्ट इस अवार्ड के लिये कितने सालों से राह देख रहे थे। लेकिन अभी तक उसका इमप्लीमेंटेशन नहीं हो रहा है। पार्ट टाइम जर्नलिस्ट्स को सिस्टेमेटिकली काम से निकाले जाने की व्यवस्था हो रही है। इसलिये मेरी प्रार्थना है कि एक तो सरकार को गाइडलाइन्स तुरन्त देनी चाहिये कि इसको किस प्रकार से इमप्लीमेंट किया जाये। बिना देर लगे इस अवार्ड का इम्प्लीमेंटेशन होना चाहिये। दूसरे एक अथोरिटी क्रीएट करनी चाहिये जिसके जरिये इस अवार्ड का इम्प्लीमेंटेशनदेखा जा सके। पार्ट टाइम जर्नलिस्ट्स का प्रोटेक्शन भी होना चाहिये। और इतना ही नहीं एक टाइम बाउन्ड प्रोग्राम होना चाहिये

कि कहां तक यह हो सकता है। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो पालेकर अवार्ड किताब की शक्ल में पड़ा रहेगा और फिर जर्नलिस्ट्स को अपने संगठन के जरिये जो मांगें मंजूर हो गई हैं उनके इम्प्लीमेंटेशन के लिये कुछ कार्यवाही करनी पड़ेगी। मुझे लगता है जर्नलिस्ट्स, जैसे डांगा जी ने भी कहा, हमारे लोकतंत्र के लिये बहुत ही महत्व का काम करते हैं, और उनको अगर सरकार की ओर से असंतुष्ट रखा जाता है तो अपनी इच्छा से वह बहुत बड़ा काम कर सकते हैं जिससे सरकार को भी चोट लग सकती है। इसलिये उनको असंतुष्ट नहीं रखना चाहिये।

रिपोर्ट में कहा गया है मनडेज लोस्ट पिछले 5 साल में कितने हो गये? मैन डेज लौस्ट के बारे में मैं डिसप्यूट नहीं करना चाहती, लेकिन मुझे लगता है कि आज खाने की चीजों के दाम काफी बढ़ गये हैं, प्राइस इंडेक्स बढ़ता चला जा रहा है, लोगों की सुरक्षा नहीं हो रही है। यूनियन राइवैलरीज की वजह से खतरा हो रहा है। किसी को एन० एस० ए० में बन्द किया जा रहा है। ऐसी हालत में जो शांति दिखाई दे रही है वह एक ज्वालामुखी है, अगर रिप्रैसिव मेजर्स से आप शांति बनाये रखना चाहते हैं तो वह आपको शांति से बैठने नहीं देगा और कभी भी विस्फोट हो सकता है। इसलिये इंडस्ट्रियल पीस देश के लिये, प्रोडक्शन के लिये बहुत जरूरी है और वर्कर्स का सहयोग लेना अति आवश्यक है। अगर ऐम्प्लायर, वर्कर और सरकार तीनों एक साथ मिल कर कुछ सुझाव अगर तैयार करते हैं तो देश का प्रोडक्शन बढ़ाने में किसी को विरोध नहीं होगा। अगर यह करना है तो रिप्रेसिव मेजर्स से नहीं कर सकते हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Prof. Dandavate, you have lost five minutes.

PROF. MADHU DANDAVATE: At least give her five minutes more.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am giving. Your request is conceded.

श्रीमती प्रमिला दंडवते: अगर सरकार नैशनल ट्रिपार्टाइट कांफरेंस के अलावा हर एक मेजर इंडस्ट्री में ट्रिपार्टाइट बाडी की स्थापना करे और उसके जरिये अलग अलग प्रकार के मजदूरों के सवालों को हल करे, तो उससे बड़ी मदद मिल सकती है। यही नहीं, लास आफ प्राडक्शन के बिना डिसप्यूट्स को हल करने के लिए एक क्रेडिबल मशीनरी बनाना भी बहुत जरूरी है। अगर लोगों में सरकार की क्रेडिबिलिटी नहीं रहेगी और उनमें यह भावना पैदा होगी कि यह सरकार मैनेजमेंट के साथ सहयोग कर के काम कर रही है या किसी एक यूनियन की सहायता से दूसरों को पीटने का काम करती है, तो फिर इंडस्ट्रियल अनरेस्ट अवश्य बढ़ने वाला है।

वर्कर्ज के लिए एक एफिशेंट पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम का बहुत महत्व है। अगर सरकार द्वारा खोली गई दुकानों से उनको जरूरत की चीजें नहीं दी जाती हैं, तो उनका असंतोष बढ़ जाता है।

जब कोई सरकार बनती है, तो वह किसी एक पार्टी की होती है, किसी एक यूनियन की नहीं होती है। सरकार को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि यूनियन राइवेलरी न बढ़े। मैं आपके सामने एक उदाहरण रखना चाहती हूं। मोदीनगर में टैक्सटाइल वर्कर्ज में हिन्द मजदूर सभा की यूनियन के 14,000 सदस्य हैं, जबकि इन्टक के 55 सदय हैं। लेकिन चूंकि उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री, श्री दीक्षित, पहले इन्टक के अधिकारी, आफिलेसबियरर, थे, इस लिए वह इस बात पर अड़े रहे कि इन्टक के साथ ही बात होनी चाहिए। 114 दिन तक यह स्ट्राइक चलता रहा।

इससे भी दुख की बात यह है कि मोदीनगर के टैक्सटाइल वर्कर्ज की बीवियों पर हमला हुआ है। पुलिस ने 75 महिलाओं पर हमला किया। यूनियन राइवेलरी की वजह से ऐसा हुआ है। इस में दो महिलाओं का एबार्शन हो गया। यूनियन के दफ्तर में जा कर उन पर लाठी चलाई गई। उनके पेटीकोट ऊपर कर के

[श्रीमती प्रमिला दंडवते]

उनको गलत प्रकार से मारा गया। उन महिलाओं को ले कर हम प्रधान मंत्री के पास गए, लेकिन आज तक कुछ भी कार्यवाही नहीं हुई है। मोदी के द्वारा जो पत्र निलकता है, उसमें कहा गया है कि पुलिस ने महिलाओं को नहीं मारा। पुलिस कहती है कि 55 पुलिस वालों को महिलाओं ने मारा। यह तो होम मिनिस्ट्री का काम है कि वह ऐसी पुलिस को निकाल दे, जो अपनी सुरक्षा नहीं कर सकती है, वह लोगों की सुरक्षा क्या करेगी।

छत्तीसगढ़ में श्री नियोगी को एन०एस०ए० में गिरफ्तार किया गया था। वहां पर 9,000 मजदूरों को काम से निकाल दिया गया।

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has already been released.

श्रीमती प्रमिला दंडवते : लेकिन 9,000 वर्कर्ज को अभी तक काम पर नहीं लिया गया है। मेरी प्रार्थना है कि मंत्री महोदय इसकी तरफ ध्यान दें।

आज देश में 79 परसेंट पापुलेशन देहात में हैं और 83 परसेंट वर्क फोर्स भी वहां पर है। जनवरी, 1978 में रूरल अनआर्गनाइज्डलेबर की समस्या पर विचार करने के लिए एक कांफरेंस हुई थी। उसके बाद एक स्टैंडिंग कमेटी और पर्मानेंट बाडी बगैरह बनीं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लेबरर्ज के बारे में कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मैं जानना चाहती हूं कि सरकार उन लोगों को आर्गनाइज करने के लिए क्या कदम उठा रही है। उनको आर्गनाइज करना चाहिए। उनमें से ज्यादातर महिलाएं हैं। 94 परसेंट महिलाए अनआर्गनाइज्ड सैक्टर में हैं। उनके लिए कोई भी सुविधा नहीं है। जहां तक उनका सम्बन्ध है, ईक्वल रीम्यूनरेशन एक्ट का इम्प्लीमेंटेशन नहीं हो रहा है। उन पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। उनके लिए शिक्षा, वोकेशनल ट्रेनिंग और एप्रेन्टिसीशिप की कोई व्यवस्था नहीं है। 81.4 परसेंट महिलाएं एग्रिकल्चर के क्षेत्र में काम करती हैं। मैकेनाइजेशन के कारण उन्हें वहां से हटाया जा रहा है। मैं एक मिसाल देना चाहती हूं। केरल में कायर इंडस्ट्री में मशीनरी लगाई गई। चूंकि स्त्रियों को उसकी ट्रेनिंग नहीं है, इस लिए उन्हें काम से हटाया जा रहा है। हमने आर्गनाइज्ड सेक्टर में यह नीति बनाई है कि रेशनलाइजेशन विदाउट महिलाओं टियर्ज। मैं समझती हूं कि जहां तक को एप्लायमेंट का सम्बन्ध है, उसमें भी इस नीति को लागू करना चाहिए। जनता पार्टी के समय में प्लानिंग कमीशन ने पहली बार यह मन्जूर किया कि विमेन्ज एम्पलामेंट शुड बि गिवन स्पेशल एटेन्सन। महिलाओं की एम्पलायमेंट के सवाल को सारे देश की एम्पलायमेंट के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। क्यों कि उन की प्रबलम अलग हैं, उन में एजुकेशन नहीं पिछली ट्रेनिंग नहीं और उन का एक ट्रेडीशनल रोल जो समझा जाता है उस की वजह से उन की हालत बहुत बहुत खराब है।

आज मैं यह कहना चाहती हूं कि एम्पलायमेन्ट गारंटी स्कीम महाराष्ट्र में जैसे चलती है वहां पर तनख्वाह क्योंकि कम मिलती है इसलिए

62 per cent of women are working in Maharashtra Employment Guarantee Scheme.

वहां पर पहले केन्द्र सरकार ने जो फूड फार वर्क की स्कीम शुरु की थी। उस की वजह से प्रति दिन एक किलो अनाज लोगों को मिल रहा था। वहां की महिलाओं ने कहा कि आप यह अनाज हमें दें तो हम उस से अपने बच्चों का पेट भर सकती हैं, वरना पैसा मिलता है तो पैसे से घर के लोग शराब पीते हैं। यह उन की मांग वहां पर रही है।

लेकिन सरकार ने वह अनाज देना बन्द कर दिया है और महाराष्ट्र सरकार से कहा है कि वह प्रोक्योर करें। प्रोक्योर करने के लिए वहां की सरकार के पास ताकत नहीं है क्योंकि कि बाहर के जो व्यापारी हैं, होलसेल डीलर्स हैं वे जितनी सपोर्ट प्राइस है उस से ज्यादा पैसे देकर ज्वार बाजरा खरीद रहे हैं। आज 8 तारीख है, आज महाराष्ट्र में एम्प्लायमेंट गारंटी स्कीम के अन्तर्गत काम करने वाली महिलाओं और पुरुषों का एजीटेशन चल रहा है। जैसे निपाणी में एक एजीटेशन चल रहा है और महाराष्ट्र के अंदर और जगहों में चल रहा है। जब वहां पर अनाज दिया जा रहा था, सेंट्रल गवर्नमेंन्ट ने जो एक एड के अन्तर्गत दिया था उस में हर किलो के पीछे 30 पैसा काटा जा रहा था। ऐसे काट-काट कर 2 करोड़ से ज्यादा रुपया इकट्ठा हुआ है। वहां की महिलाओं की मांग है कि हमारे लिए उस से हास्पिटल बनाइए, मेडिकल एड दीजिए और बाकी सारी वेलफेयर स्कीम जो है उस के लिए वे मांग कर रही हैं। अभी तक उस के लिए गवर्नमेंन्ट ने यही कहा है कि इट इज अंडर कंसिडरेशन। मेरा यह कहना है कि यह कंसिडरेशन की बात बन्द कर के उस के ऊपर कार्यवाही की जाय। लेबर मिनिस्टर से मेरी प्रार्थना है कि वह इस बात को देखें कि यह जो फूड फार वर्क स्कीम है उस के अंदर महिलाओं को अनाज की जरुरत है। वे कहती हैं कि हमें अनाज दीजिए। आज महिलाओं पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है क्योंकि कि ऐसा समझा जाता है कि :—

They are not economic asset to the family. On the contrary, they have become a liability.

मेरी यह मांग है कि स्त्रियों पर होने वाले अत्याचार बन्द हो, और स्त्रियों को शिक्षा, स्त्रियों को हेल्थ, उन की एम्पलायमट इन सब की व्यवस्था के लिए

National Commission on Women (with statutory power) is a necessity.

इसके लिए मैंने पहले कितनी ही बार यहां पर मांग की थी। मुझे खुशी है कि कल कांग्रेस (आई) की महिलाओं ने भी जो मेरी मांग रही है उस का पूरा पूरा समर्थन किया है। तो मुझे आशा है कि उन की मांग की वजह से ही क्यों न हो उन की वजह से ही यह हो जाता है तो मुझे उस में खुशी है। इस सदन में बार बार यह मांग की है। पूरे देश में अलग अलग महिलाओं ने यह मांग की है। नेशनल स्टेटस आफ वीमेन्स कमेटी ने 1975 में नेशनल कमीशन आन वोमेन्स विद स्टेचयूटरी पावर ऐट सेन्ट्रल ऐंड स्टेट लेवेल की मांग की थी। मुझे लगता है कि यह करना बहुत जरुरी है।

आखीरी बात कहना चाहती हूं कि नेशनल वेज पालिसी एक होनी चाहिए लेकिन ये सारी बातें इन कंसल्टेशन विद आल दि ट्रेड यूनियन आर्गेनाइजेशन्स होनी चाहिए। दूसरे ट्रेड यूनियन आर्गेनाइजेशन्स में राइवलरी को करना है तो यूनियन की रेकग्नीशन सिर्फ वेरिफाइड मेम्बरशिप से नहीं होनी चाहिए बल्कि उस के लिए बैलट वोटिंग लिया जाय और जिन को वर्कर चाहते हैं उस यूनियन के साथ आप बात करें। यह होगा तो मोदी नगर में जो बात हुई है वह बार बार-दोहरायी नहीं जायगी। मंत्री महोदय से मेरी प्रार्थना है कि वह बांडेड लेबर, महिला श्रमिक और चाइल्डलेबर इन के बारे में सारी यूनियनों से बातचीत कर के देश में कुछ ऐसी पालिसी बनाएं और उन को न्याय दिलाने की व्यवस्था करें तो देश का प्रोडक्शन जरूर बढ़ेगा

SHRI B. K. NAIR (Quilon): Sir, I rise to support the Demands for Grants put up by the Ministry of Labour. Right from the beginning the opposition parties have been throwing the challenge on our face and asking us whether ours is a Government that works, as if their performances is in doubt. They say that India Government is a non-performing Government and so on and so forth. That is the type of allegation that they resort to. Now, Sir, looking to the actual results what we find is this. After the coming into power of this Government, the labouring class, the kisans and the agricultural workers do not share this type of criticism of the Government. If you look at the working days lost during the last few years, what do you find? There were substantial losses of man-days during the Janata Government rule. During the first year of the Janata rule, that is, 1977-78, the man-days lost was 29.73 million. In 1978-79, it was 39.36 million, in 1979-80, it was 43.87 million and it has suddenly come down to 12.91 million this year. We should be happy to know about it. I entirely agree that we should not lose even a single manday. Now, the steep fall in the number of manday lost certainly indicates that the working class, labour class, the rural kisans and the industrial workers have accepted the present Government's policies, accepted that everything is all right and they have accepted the performance of the present Government. The Janata Government held out many promises to the workers. Their manifesto said that they were going to build paradise for the workers. They said that the workers should be given a bonus of 8-1/3 per cent which Shrimati Indira Gandhi had denied or deducted during the Emergency period. Then they said that those who had been removed from service during the Emergency period would be taken back and given employment. They had offered bonus and the right to strike to the Railway workers, Defence personnel and the P & T workers. Now, what was the performance of the Janata Government? What did Prof. Madhu Dandavate and Mr. George Fernandes do? They believed in Rolling Plan. They had converted the Five Year Plan into a Rolling Plan. Their Ministers believed in Rolling Plan and they went on rolling. Mr. George Fernandes the then Minister for Industry, had offered repeatedly that he would resign unless bonus was paid to the Railway workmen. So many assurances were given in favour of workmen. But what happened?

AN HON. MEMBER: What have you done for the workers?

SHRI B. K. NAIR: You better ask the workers. They will tell you what we have done for them. Mr. George Fernandes and other opposition Members were telling that they were committed to payment of bonus when the Railway workers and the P&T employees went on strike in 1974. But when they came to power, what was their performance? The performance was nil in this matter. They held out several promises to the workers and the labourers. But nothing was done for them. But the present Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi did not hold out such sweet promises. But she did call upon the nation to do hard work just as her illustrious father, Pandit Jawaharlal Nehru, told the nation that the generation was condemned to hard labour for the future generation. We cannot build up our nation for the future without sacrifice and discipline. I do not say that they would not get everything that they deserve. Mr. Daga mentioned that the picture for the entire world is going to be gloomy.

AN HON. MEMBER: What are you going to do for that?

SHRI B. K. NAIR: We are now turning the corner and I believe that in a year or two the Government and the country will be reaching the take-off stage in every field.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Daga wanted that the words "under consideration" should not be put but some other words should be used.

SHRI B. K. NAIR: During the Congress-I regime the foodgrain production has reached the highest level. In the production of steel, coal, power generation, the position is quite good. They are picking up well. I am sure that within the period of two years we will be able to reach the take-off stage in these items. The only difficulty is in the production of petroleum products. We are importing petroleum products. But we will also find a solution for that. The exploration activities in this field have been encouraging and are proving fruitful.

Now, Sir, there are so many acts and legislations. We have got umpteen Labour Acts in the country. But they are not enforced or implemented. They are only on paper. When the question of implementation of these Acts comes, we are lacking in this. Sir, there was a law passed for the plantation workers in 1951. 30 years have passed since then. An assurance was given that within 12 years' period all the workers would be provided with facilities for their dwelling, medicine and schooling for their children. The position is not better than what it was thirty years ago. It is still the same. The State Governments say that they do not have the implementation machinery; they do not have the jeeps for the inspectors to go about. The implementation is just zero.

Now, we are going to introduce a legislation for the rural labour, but what is the experience of Kerala. The law is there for the agricultural labour, but is it being implemented? It has mostly remained on paper. There is a provision for provident fund, but it has not been enforced. Even the registration of the workers is not taking place. We can say that we have such a legislation, for a big talk, it is all right, but I must tell the House that these labour laws are going to remain only on paper. The rural labour laws would be applicable to thirty crores of people, but where is the machinery to implement them? Let us not live in the world of dreams. We must try to do things in practical terms.

Then, there are a lot of people engaged in fishing. There is no law even for registering them, and indicating who the owners are and who the workers are. These workers are all the time running the risk of their lives throughout their employment. Nobody knows whether they would come back after their day's work. The women folk live in anxiety all the time. There is no law in respect of them in this country in spite of the fact that they are contributing Rs. 250 crores of foreign exchange by way of exporting marine products. I suggest that the Government should seriously think of having some legislation for registering these people and providing them with minimum assurance and security. I suggest that a welfare fund should be created for them based on a cess collected from export of marine products. As I said, we are exporting fish and marine products quite a lot and if we charge a nominal levy on these exports, we can collect a lot of money which could be utilised for the welfare of these people and for safeguarding their interests.

Then, Sir, some attempt is being made to legislate for the welfare of the circus workers. They provide a lot of entertainment to the people and it has got its roots in Kerala. I am particularly concerned about these people because I happen to be associated with them as patron of their union. There are thirty thousand of such people and a substantial number of them are children between the age of eight and fourteen years. It is particularly the performance of these children that the spectators enjoy the most. What legislative measures have we provided for them? These people live just like other animals. The difference only is that while the animals live inside the cage, they live outside it. That is how the owners treat them. Anything can happen to them; they may meet with an accident and may even die, but there is no security for them. Therefore, it is very important that

[Shri B. K. Nair]

some serious efforts should be made to look after their interests. And it is not very difficult to implement such legislation, because the number is very limited and the area of operation is also limited. They are only towns and cities, but the State legislation cannot help, it is only the Central legislation that should be there. There should also be some machinery for looking after its implementation.

The hon. lady Member referred to the multiplicity of labour unions. So many labour unions are there. It is a disease that has spread in our country. Crores of people are there in our working force, but what is the percentage that is organised? The trade union leaders make a show as if the entire world is behind them. According to the returns submitted to the Registrar, not more than 65 lakh workers are organised. These people agitate not for the sake of thirty crores of people who constitute the labour force, but for people like those working in Life Insurance Corporation, Indian Airlines, Reserve Bank, etc. Such organised people are the privileged category. An LIC clerk gets Rs. 3000 and odd per month. They go on strike with the demand that such people should be given more. Should not they have a national view? Thirty crores of people do not have even drinking water. Why should we agitate and support this privileged class of people? These people seek the perpetuation of their privileges. Is there any justification for such emloyees, the privileged group of people to go on strike and clamour for more? They say employees in the BHEL are getting more. The BHEL people will say, 'LIC people are getting more, so give us that.' Where is the end? Everybody is looking up. Railway people say, 'Look at the public undertakings. They are getting more than we. So we must get that.' So everybody is looking up and everybody is trying to justify. So, should we not have a national view? We talk of labour class in the country. When are we having in view? Are we having a view of that Daridranarain, the man who works with Charkha in the village industries? No, Sir. We are looking to the people who will give us the maximum publicity in the Press—the newspaper people, Reserve Bank, LIC people.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. N..., is there any temple for the Daridranarain?

SHRI B. K. NAIR: No, Sir. Temple is in our hearts, Sir.

I have a small suggestion about how to eliminate division on the labour front. They are already having five Central Trade Unions and fortunately we will be having one more under Mr. Dange. He will be having soon a small group. And the definition is that if an organisation has five lakh membership spread over five industries and spread over four or five States, then it is a National Union. The interesting thing is that it is mainly to become MPs, MLAs and to get berths in the committees. Can you believe Sir, only 60 lakhs of our workers are organised and that number has remained all the time static? No improvement. But the leaders are satisfied. I am not blaming, Sir. It is a very limited and narrow view of the whole thing. I am suggesting one solution for that and I think it will be acceptable to the Minister. That is every worker in an industry should be obliged to become a Member of any one Union. Secondly do not register more than three Unions in an industry. Then once a worker has become a Member of the Union, he cannot change the Union before six months. And once he changes, he remains in that Union.

So far we have been discussing about the obligations of so many people to so many trade unions, to the Government, units of industry and all that. But what about workers' obligations to the Union. He has an obligation just as a citizen has an obligation to cast vote and become voter. Worker to be a voter should be a Member of some Union and then having

become a Member of the Union, he should not change it. He should remain Member of the Union at least for six months. And once he changes his Membership, he should remain in that Union for at least six months. How to enforce this is a different thing. May be it depends on the employer. But that way we make it conditional employment in that industry.

Then every Union should be called upon to have elections once a year and the worker can opt for a particular union. But if he remains a member of a particular Union for a long time, there may not be any need or occasion for referendum. But personally if you ask me Sir, I am for secret ballot. But secret ballot should be only confined to members of the Union. Now about the role of employers. I don't like the idea of check-off, since it goes against the very spirit of trade-unionism. But the employer has a role to play in seeing to it that every employee remains a member of one union or the other. No person who is not a member of any union should be permitted to enjoy its benefits. He should draw the rights after fulfilling the duties. This sort of a scheme can be attempted.

I would suggest to the Minister of Labour to consider these aspects and try to evolve a sort of guideline for this purpose, to enforce discipline in the labour front.

15.31 hrs.

(SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*).

श्री दयाराम शाक्य (फर्रुखाबाद): श्रीमन् इस से तो कोई इंकार नहीं कर सकता है कि प्रत्येक देश की समृद्धि में उस देश के कर्मचारी और श्रमिक देश की रीढ़ की हड्डी हुआ करते हैं। परन्तु आज हम हर जगह पर इंडस्ट्रियल अनरेस्ट देख रहे हैं। अगर देश के कर्मचारी और श्रमिक वर्ग का ध्यान नहीं रखा जाता है उसकी वास्तविक मांगों को स्वीकार नहीं किया जाता है तो वे शांति के साथ कार्य नहीं कर सकते हैं और इस प्रकार से देश के उत्पादन को और देश की समृद्धि को हानि पहुंचती है, उसमें रुकावट पैदा होती है।

अभी हमारे बन्धु ने कहा कि आई० टी० आई०, बी० ई० एल०, एच० एम० टी०, एच० ए० एल० के कर्मचारियों ने यह मांग की कि दूसरे स्थानों पर तनख्वाहें ज्यादा हैं इसलिए उनको भी ज्यादा तनख्वाहें और सुविधाएं दी जानी चाहिएं। किन्तु उनकी इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। यह समस्या 1978 में उठी थी और उस समय सरकार और आई० टी० आई० बी० ई० एल०, एच० एम० टी० और एच० ए० एल० में और कर्मचारियों में एक समझौता हुआ था कि यदि किसी भी प्रतिष्ठान में सुविधाएं दी जाती हैं, तनख्वाहें बढ़ायी जाती हैं तो दूसरे संस्थानों में भी वही सुविधाएं और तनख्वाहें दी जाएंगी। परन्तु एक संस्थान बी० एच० ई० एल० में अधिक सुविधाएं देने के पश्चात् भी उस समझौते को बाकी प्रतिष्ठानों में लागू नहीं किया गया और वे सुविधाएं अन्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को नहीं दी गयी। उस समझौते का लाभ अन्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को देने के बजाय वह समझौता तोड़ा गया। अगर ऐसी बात होगी तो कर्मचारियों और सरकार के बीच या मालिकान के बीच जो समझौता होगा तो कर्मचारी कैसे भविष्य में उस पर विश्वास कर काम करेंगे। उनके मन में जब अविश्वास की भावना रहेगी तो वे शांति से काम नहीं कर सकते हैं। वे हमशा यही मांग करते रहेंगे कि अमुक ज्यादा पाते हैं, हम को उतना नहीं मिलता है।

जब तक आप कोई नेशनल वेज पालिसी लागू नहीं करते हैं तब तक जो समझौता हुआ है उसको तो आपको लागू करना चाहिए और जो

[श्री दया राम शाक्य]

मालिकान समझौते को लागू नहीं करते हैं उनका प्रोसीक्युशन होना चाहिए । लेकिन आज तक इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। यह वास्तव में एक लज्जा की और निंदा की बात है। यह ठीक है कि आप देश के लिए एक नेशनल वेज पालिसी लागू करें लेकिन जब तक आप इसको लागू नहीं करते तब तक आपको कर्मचारियों को लिविंग वेज देने चाहिएं । इसीलिए अशांति पदा होती है कि अमुक स्थान पर कर्मचारी ज्यादा पाते हैं और हम कम पाते हैं।

जब तक आप नेशनल वेज पालिसी लागू नहीं करते तब तक आपको उनको बोनस देना चाहिए । सारे देश में अनेक वर्षों से कर्मचारी बोनस के लिए मांग करते आये हैं और सरकार ने इसको टाला है। बोनस एक डेफर्ड वेज है। इसको सरकार को विलम्बित वेतन के रूप में मानना चाहिए और अपने कर्मचारियों को बोनस देना चाहिए । जिन कर्मचारियों को बोनस नहीं दिया जा रहा है उन कर्मचारियों को भी बोनस दिया जाना चाहिए । बहुत सी जगहों पर सरकार इसको नहीं दे रही है। बहुत से स्थानों पर सरकार ने इसको प्रोडक्टिविटी के साथ लिंक कर दिया है । यह नहीं होना चाहिए ।

प्राय: यह देखा जाता है कि अधिकारी जब रिटायर होता है तो उसको पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फण्ड मिल जाता है मगर जब एक साधारण कर्मचारी रिटायर होता है तो उसको सालों पेंशन, ग्रेच्युटी, प्रोविडेंट फण्ड नहीं दिया जाता है । यह स्टेंडिंग आर्डर होने चाहिएं कि उनको तुरन्त इनका भुगतान हो और इनको सख्ती से लागू किया जाना चाहिए जैसे ही कर्मचारी रिटायर होता है । उनको प्रोविडेंट फण्ड मिलना चाहिए, उसे पेंशन की सुविधा मिलनी चाहिए।

आज अनेक यूनियन और फेडरेशन ऐसे हैं जिनके साथ कर्मचारियों का बहुमत है लेकिन फिर भी सरकार उनको मान्यता प्रदान नहीं कर रही है, जिससे लेबर अनरेस्ट पैदा होता है, श्रमिक असंतोष पैदा होता है इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसके लिए प्रैक्टिकल वैरीफिकेशन कराया जाए और देखा जाए कि किन यूनियन के साथ कर्मचारियों का बहुमत है और उनको मान्यता दी जाए । इस मामले को सरकार काफी अरसे से टाल रही है । मेरा अनुरोध है कि प्रैक्टिकल वैरीफिकेशन के बाद जिन यूनियन्स ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी हैं, उन्हें मान्यता प्रदान की जाए ताकि लेबर अनरैस्ट दूर हो।

एल० आई० सी० के बारे में कहा गया। वहां पर हड़ताल चल रही है। न्यायालय के आदेश को सरकार ने नहीं माना है। सरकार की कोशिश है कि न्यायालय का आदेश लागू न हो, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दिया है। परंतु उसका इंप्लीमेंटेशन भी सरकार नहीं कर रही है जिससे हड़ताल चल रही है और करोड़ों का नुक्सान हो रहा है। इसकी ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। मेरा अनुरोध है कि न्यायालय के आदेश को माना जाना चाहिए।

श्रमिकों के बारे में मेरा निवेदन है कि जो कांट्रेक्ट बेसिस पर या डेली वेजेज पर लेबर काम करते हैं अनेक वर्षों तक काम करने के पश्चात् उनको नौकरी से अलग कर दिया जाता है और इस अवस्था में निकाला जाता है जब वे कहीं और काम करने की स्थिति में

नहीं होते इसलिए मेरा अनुरोध है कि इनके लिए एक कानून बनना चाहिए ताकि कांट्रेक्ट बेसिस पर और डेली वेजेज पर काम करने वाले कर्मचारियों को निकाला न जा सके, तभी हमारा देश समृद्धि की ओर बढ़ सकता है।

आज हम देख रहे हैं कि कर्मचारियों के पास रहने के लिए मकान नहीं हैं उन्हें मेडिकल फेसिलिटीज नहीं दी जाती हैं। आवास सुविधा न होने की वजह से मीलों दूर से कर्मचारी काम पर आते हैं। हम चाहते हैं कि वे समय पर काम पर पहुंच सकें, परंतु मीलों दूर से आने के कारण यह संभव नहीं हो पाता जिससे काम समय पर नहीं होता। मेरा अनुरोध है कि कर्मचारियों के लिए आवास की व्यवस्था की जाए और उनके लिए लोन आदि की व्यवस्था की जाए जिससे वे अपना मकान बना सकें।

अंत में मैं एक-दो सुझाव देकर अपनी बात समाप्त करूंगा। आज हर जगह समाजवाद की होड़ लगी है। हर जगह राष्ट्रीयकरण किया जा रहा है लेकिन समाजवाद के नाम पर जितने भी प्रतिष्ठानों का राष्ट्रीयकरण किया गया है, उनमें से कितनों से सरकार को लाभ प्राप्त हुआ है? इसलिए मेरा अनुरोध है कि उद्योगों का राष्ट्रीकरण न कर के राष्ट्र का औद्योगीकरण, उद्योगों का श्रमिकीकरण एवं श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण किया जाना चाहिए। इससे श्रमिकों में यह भावना पैदा होगी कि हम स्वयं उद्योग में भाग ले रहे हैं। श्रमिकों की उद्योगों में भागीदारी होनी चाहिए और सरकार को उनका पूरा ध्यान रखना चाहिए, जिससे वे अच्छी तरह से काम कर सकें और उनको प्रोत्साहन मिल सके। इससे राष्ट्र की समृद्धि होगी और देश आगे बढ़ेगा वगैर इसके यह काम नहीं हो सकता।

इतने सुझाव मैंने माननीय श्रम मंत्री महोदय के समक्ष प्रस्तुत किए हैं और मुझे विश्वास है कि वे इनकी ओर ध्यान देंगे क्योंकि मैंने उनकी कार्यक्षमता प्रदेश में मंत्री के तौर पर मुख्य मंत्री के तौर पर देखी है, इसलिए मुझे विश्वास है कि वे इन सुझावों पर ध्यान देंगे और इन्हें कार्यान्वित करने का प्रयास करेंगे।

श्री रामस्वरूप राम (गया) : सभापति जी, श्रम विभाग के अनुदान की मांगों का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदय, श्रम विभाग देश का एक ऐसा विभाग है, जहां से रोजगार की नीति तय होती है, नीति निर्धारण होता है। इसलिए यह विभाग बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसकी उपयोगिता बहुत है। लेकिन मैं बहुत अदब के साथ कहना चाहता हूं कि जो लेबर पालिसी हमारी रही है वह काफी इफैक्टिव नहीं रही है। यही कारण है कि आज बेरोजगारी की समस्या देश में पैदा हो गई है। हमारे देश में 14 करोड़ परिवार हैं। उन में से तीन से पांच करोड़ परिवार ऐसे हैं जिन में एक-एक शिक्षित बेरोजगार अवश्य मौजूद होगा। जिस देश के 14 करोड़ परिवार में से पांच करोड़ परिवार एक एक नौजवान चाहे वह बी ए हो या मैट्रिक हो या उसने हाई स्कूली शिक्षा प्राप्त की हो, बेकार हो तो कितनी भयानक स्थिति देश के सामने है यह आप स्वयं सोच सकते हैं। यह बहुत गम्भीर विषय है। इसको नजरंदाज करके नहीं चला जा सकता है। आगे चल कर बेरोजगारी की और भी जटिल समस्या का सामना करना पड़ेगा।

श्रीमती प्रमिला दंडवते बोल रही थीं कि श्रम विभाग ने कुछ नहीं किया। मैं उनके सामने कुछ आंकड़े रखना चाहता हूं। ये उनकी हकूमत के समय के आंकड़े हैं।

[श्री राम स्वरूप राम]

जिन बैंचों पर वह बैठी हैं और प्रो० मधु दण्डवते बैठे हैं उनके मंत्रित्वकाल के हैं । उस समय जितने लेबर डिसप्यूट हुए, देश का उत्पादन गिरा चाहे खेती का हो या फैक्ट्री का, किसी भी व्यवसाय का हो उतना पहले कभी नहीं गिरा । इसका कारण यह था कि लेबर डिसटर्बेंस बहुत ज्यादा हुए थे, और हर जगह हुए थे । अभी भी पश्चिम बंगाल में लेबर डिसटरबेंसिस बहुत ज्यादा हो रहे हैं । जहां जहां हमारी हकूमत है, श्रीमती इंदिरा गांधी की बनाई हुई सरकारें हैं चाहे वह उत्तर प्रदेश हो या बिहार हो या राजस्थान हो या महाराष्ट्र हो वहां पर लेबर डिसटरबेंसिस कम हैं । लेकिन आज भी पश्चिम बंगाल में लेबर डिसटरबेंसिस पराकाष्ठा पर हैं । मैं 1979 के कुछ आंकड़ों को 1980 के आंकड़ों से तुलना करके इस बात को सिद्ध करना चाहता हूं । 1980 में श्रमिक स्थिति में सुधार हुआ है । इसका कारण यह है कि 1980 के दौरान हड़तालों तालाबंदियों के कारण नष्ट हुए श्रमिक दिनों की संख्या 129.1 लाख दिन है जबकि 1979 में यह 438.7 लाख श्रम दिनों की थी । राज्यों में पश्चिम बंगाल में सब से अधिक यानी 36.1 लाख श्रम दिनों की हानि हुई । महाराष्ट्र में 24.9 तमिलनाडु में 24.1 और उद्योग ग्रुप में विनिर्माण उद्योगों में सब से अधिक यानी 105.7 लाख श्रमिक दिनों की हानि हुई । ये 1980 के आंकड़े हैं । 1980 में हड़तालों और तालाबन्दियों का कारण कार्मिक छंटनी तथा अनुशासनहीनता है ।

महात्मा गांधी की जो परिकल्पना थी उसको यदि मंत्री महोदय ने श्रम नीति में जोड़ा होता तो इतनी ज्यादा डिसटरबेंसिस नहीं होतीं । उनके उपदेशों को श्रम नीति में समायोजित नहीं किया गया । महात्मा गांधी कहते थे कि पहले कर्त्तव्य का पालन करो, अधिकारों की बात बाद में करो । उसकी चिन्ता मत करो, कर्त्तव्य पालन करो । कर्त्तव्य पालन करते करते देखोगे कि अधिकार तुम्हारे पीछे दौड़े चले आ रहे हैं । हम ने श्रम नीति के सिद्धान्त बनाते समय सब से पहले यही लिखा कि श्रमिकों को झगड़ा करने, प्रदर्शन करने, उपद्रव करने और मांग करने का अधिकार सब से पहले होगा । प्राइवेट सैक्टर या पब्लिक सैक्टर की कोई फैक्ट्री हो हमारे मार्क्सवादी भाई यहां बैठे हुए हैं, जार्ज फर्नान्डीस साहब बैठे हुए हैं, वे सब से पहले यूनियनें बनाने लग जाते हैं । सिर्फ यूनियन बना कर बठे हुए हैं । भारतीय जनता पार्टी का तो मज़दूरों से कोई सम्बन्ध ही नहीं है । उनकी सदा मज़दूर विरोधी नीति रही है । राय साहब बैठे हुए हैं, आप एक उदाहरण बता दें बिहार में जहां एक भी फक्ट्री ने आमदनी की हो और वहां मज़दूरों का हक न मिला हो ? लेकिन जो फैक्ट्री पब्लिक सैक्टर में नई बनी है उसमें लेबर हड़ताल कराने की क्या जरूरत है ? मंत्रीमहोदय आप गांधी जी की परिकल्पना श्रम नीति में लाइये कि कर्त्तव्य का ज्ञान सीखो, अधिकार पीछे पीछे आते हैं । लेकिन हमारे विरोधी भाई अधिकार की बात पहले करते हैं चाहे प्रोडक्शन हो न या हो । इसमें आपको सुधार करना चाहिये ।

दोनों तरफ़ के माननीय सदस्य लेबर की बात करते हैं, लेकिन खेतिहर मज़दूर की कोई बात नहीं करता क्योंकि वह आर्गेनाइज्ड सैक्टर नहीं है, उनको तनख्वाह नहीं मिलती माननीय जार्ज फ़र्नैन्डीस एक दिन भी खेत मज़दूरों की मीटिंग नहीं कर सकते माननीय राय साहब उनकी मीटिंग नहीं कर सकते । लेकिन हमारी पार्टी ने कहा, कांग्रेस ग्रामीण श्रम आयोग के गठन की मांग की, आप 14 मार्च 1980 का "नवभारत टाइम्स" देख लें । अखिल भारतीय कांग्रेस (आई) के श्रमिक सैल ने मांग की कि राष्ट्रीय श्रम आयोग गठित किया जाये । हम राष्ट्रीय ग्रामीण श्रम आयोग के गठन की मांग करेंगे । पता नहीं हमारे उस प्रस्ताव पर मंत्री महोदय का ध्यान गया है या नहीं ? मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वह उसको मानें ।

कृषि एक बहुत बड़ा उद्योग है जिसमें 80 प्रतिशत लोग लगे हुए हैं और ऐग्रो लेबर की आबादी 43 प्रतिशत है। खेतिहर मजदूर गांवों में जमींदारों के यहां काम करते हैं, उनका शोषण आज तक हो रहा है। उनकी मजदूरी देखिये। जब मिनिमम वेजेज की बात कही गई, 1974, 75, 76 में कही गई थी। श्रीमती इन्दिरा गांधी का इरादा था कि जब तक 43 प्रतिशत लोगों की स्थिति में सुधार नहीं लायेंगे तब तक समाजवादी समाज नहीं बना सकते। उनके मिनिमम वेजेज की बात आयी, 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम उन्होंने देश में चलाया, लेकिन विपक्ष में बैठने वाले लोग चाहे माननीय उन्नीकृष्णन हों या माननीय जार्ज फर्नान्डीस हों, सबने कहा कि इन्दिरा जी तानाशाह हो रही हैं। यह कुलकों की और ब्लैक मार्केटियर्स की सपोर्ट करने वाले लोग कहते हैं कि यह सारा कार्यक्रम ठीक नहीं है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि 43 प्रतिशत ऐग्रो लेबर्स की स्थिति में सुधार करने की हमारी सरकार की मंशा है, और आज से नहीं बल्कि बहुत पहले से है, 1974 से ले कर आज तक का इतिहास आप उठा कर देख लें। हमारे चुनाव घोषणा-पत्र में भी लिखा हुआ है। हमारी प्रधान मंत्री का 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो देश के तमाम गरीबों की काया बदल सकता है बशर्ते कि विरोधी दलों का सहयोग हो। लेकिन अच्छे काम को यह सदा सैबोटेज करते हैं और अड़ंगा लगाते हैं। कहीं असम को अलग करने की बात करते हैं तो कहीं कुलकों के हितों की बात करते हैं। कृषि मजदूरों के हितों की रक्षा यह नहीं कर पाते हैं। इसलिए मैं सरकार से मांग करूंगा कि वह ग्रामीण मजदूरों की दशा सुधारने के लिए एक दीर्घकालीन पालिसी निर्धारित करे। हम फख् के साथ कहना चाहते है कि बिहार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा कानून के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हर एक बूढ़े व्यक्ति को प्रति मास तीस रुपये की वृद्धावस्था पेशन देने का निर्णय किया है। इसी तरह हर एक प्रखंड में हरिजन और आदिवासी बच्चों को पढ़ाने के लिए आवासीय विद्यालय, मिडल स्कूल, की स्थापना की गई है और हर एक जिले नें आवासीय हाई स्कूल की स्थापना की गई है।

हरिजन और आदिवासियों के बच्चे कृषक मजदूरों के बच्चे हैं। कृषक मजदूर के बच्चे का मतलब हरिजन और आदिवासी का बच्चा होता है, हरिजन का मतलब गरीब होता है और गरीब का मतलब इन्दिरा गांधी होता है। हिन्दुस्तान की जनता इस बात को जानती है। (**व्यवधान**) सिर्फ मोहक नारों से आप गरीबों के हमदर्द नहीं हो सकते हैं। आपको व्यवहार में गरीबों के आंसू पोंछने का काम करना चाहिए।

गरीबी मिटाने का काम गरीब ही कर सकता है, यह काम टाटा और बिड़ला नहीं कर सकते हैं। गरीबी मिटाने का काम डेस्ट्रक्शन से नहीं होता है, जैसा कि श्री ए. के. राय करते हैं। गरीबी हटाने का काम हिन्दुस्तान का गरीब कर सकता है, जो खेतों और फैक्टरियों में काम करता है और हर जगह कड़ी मेहनत से देश को आगे बढ़ाता है। (**व्यवधान**) चौबे जी आज तक घड़ियाली आंसू बहाते रहे हैं। अमरीका के एक अर्थ-शास्त्री ने, उनका नाम मुझे याद नहीं है एक पालिसी दी --क्योंकि मैं अर्थ-शास्त्र का विद्यार्थी नहीं हूं, मैं विज्ञान का विद्यार्थी हूं—कि दि अगलियर दि वर्क, दि हायर दि वेजिज। समाज में जिसका काम जितना खराब हो, उसकी तन्ख्वाह उतनी ही ज्यादा होनी चाहिए।

[श्री राम स्वरूप राम]

हिन्दुस्तान में सब से खराब काम करने वाले हरिजन भंगी हैं, हरिजन चमार हैं, हरिजन पासवान हैं, हरिजन मुसहर हैं और दूसरे हरिजन हैं । भंगी पाखाना सर पर उठाता है । चमार जूता बनाता है । जो लोग खेत में हल जोत कर बासमती चावल पैदा करते हैं, उन्हें मिलता क्या है ? दो सेर कच्चा अनाज । उसकी लाइफ की कोई गारंटी नहीं है । हमारे यहां डा. जगन्नाथ मिश्र ने यह बड़ा कदम उठाया है कि जो खेतिहर मजदूर काम करते हुए मर जायेगा, उसके परिवार को कम से कम दो हजार रुपये दिये जायेंगे ।

अब मैं टाटा की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं । टाटा के यहां दस हजार कंट्रेक्ट लेबरर्ज काम कर रहे हैं । इसी तरह डालमिया और जे. के. ग्रुप आदि में भी कंट्रेक्ट लेबरर्स हैं । बाप भी कांट्रेक्ट लेबरर था और बेटा और पोता भी कंट्रेक्ट लेबरर हैं । लेकिन आज तक उन लोगों को फैक्टरी में एम्पलायमेंट नहीं मिली है । हमारी कोलियरीज और दूसरे प्रतिष्ठानों में कंट्रेक्ट लेबर की व्यवस्था है । मैं मंत्री महोदय से मांग करता हूं कि वह टाटा और दूसरे फैक्टरियों में काम करने वाले कंट्रेक्ट लेबरज की लिस्ट बनायें और एक कलम से यह फैसला कर दें कि फैक्टरियों में उनका एबजार्प्शन कर दिया जाये ।

आप जानते हैं कि कोयले और आयरन ओर के कंट्रेक्ट लेबरर्ज को साढ़े उन्नीस रुपये मिलते हैं, लेकिन बगल में शिव प्रसाद बाबू के इलाके में बाक्साइट कम्पनी में छः, साढ़े छः रुपये मिलते हैं । कितनी विषमता है, जरा सा सोचने की बात है । हमारे विद्वान मंत्री जी काफी तजुर्बेकार हैं, हम समझते हैं कि काफी सोच समझ कर वह इस के मेंम करेंगे ।

अन्त में मैं अपनी दो तीन मांग पढ़ देना चाहता हूं ।

एक तो ग्रामीण श्रम आयोग का गठन अविलम्ब इसी सत्र में किया जाये ।

दूसरा है—ऐग्रो लेबर जो खेतों में काम करते हैं उन की लाइफ इन्श्योरेंस की व्यवस्था होनी चाहिए जैसे कि बिहार सरकार ने लाइफ इन्श्योरेंस उन का किया है । दूसरी स्टेट्स में भी यह होना चाहिए ।

तीसरा है लेबर ऐक्ट—उस में क्या है कि जो व्यक्ति 240 दिन तक किसी प्रतिष्ठान में काम कर चुका हो उसे किसी तरह से हटाया नहीं जायेगा । यह लेबर ऐक्ट में हमारा कमिटमेंट है । लेकिन हमारे हजारों व्यक्ति मास्टर रोल में काम कर रहे हैं, 240 दिन उन को हो गए हैं लेकिन उन को आज तक परमानेन्ट नहीं किया गया क्योंकि वहां बैठे हुए कुछ हमारे ब्यूरोक्रेटस जिनको हराम की तनख्वाह दी जाती है बीच बीच में उन को डिस्कनटीन्यू कर देते हैं ।

ये मेरी तीन-चार मांगें हैं । मैं समझता हूं कि तिवारी जी इन को स्वीकार करेंगे ।

आप ने जो मुझे समय दिया उस के लिए आप को धन्यवाद देता हूं ।

श्री चन्द्रपाल सिंह (अमरोहा) : मैं श्रम मंत्रालय की मांगों पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं । आज जैसी कि हम देश की स्थिति देख रहे हैं उस में श्रम का बड़ा महत्वपूर्ण भाग है । अगर श्रमिक-शांति देश में हो तो देश बहुत थोड़े समय में आगे बढ़ सकता है ।

अपने पिछले कार्यकाल को हम देखें तो श्रमिकों को दो भागों में हम विभाजन कर सकते हैं—एक तो रजिस्टर्ड लोग हैं जो यूनियनों में रहते हैं, फैक्ट्रियों में काम करते

हैं और दूसरे बंधुआ मजदूर जिन का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं होता, कोई कानूनी व्यवस्था नहीं होती, दूसरी तरफ उन को हम रख सकते हैं । यह दो तरह का विभाजन उस में है । अगर हम दोनों पर थोड़ी रोशनी डालें तो ठीक आकलन हो सकता है । आज चारों तरफ जैसा कि हम सुनते हैं कि वहां पर हड़ताल हो गई, झगड़ा हो गया, अशांति हो गई, तो इस में ये लोग तो सब चीज मनवा लेते हैं क्योंकि उन की कानूनी शक्ति है, संगठन है । उस में सरकार को यह बात देखनी होगी कि आज जो असमानता की स्थिति देश में पैदा हो गई है उस से मजदूर के दिमाग में भी यह बैठता है कि इस देश के मालिक बहुत ज्यादा पैसा कमाते हैं, काम हम करते हैं, हाथों की शक्ति हमारी है लेकिन सारा का सारा पैसा ये लेते हैं । इस के लिए यह हमें करना होगा कि सारे प्राइवेट सैक्टर के अन्दर इतनी जो असमानता हो गई है उस को एक समान लाने के लिए कुछ काम करना पड़ेगा । दूसरे, उस में कुछ ऐसा सख्त कानून बनाने की बात है जैसे कि दूसरे देशों में है कि अगर मजदूर इतना काम कर के दिखाएंगे तो उन्हें उसी तरह की बढ़ती मिल जाती है, लेकिन यहां इस तरह का कमजोर कानून अपना है कि श्रमिकों पर पूरी तरह से दबाव नहीं दे सकते जिस से कि देश का प्रोडक्शन ठीक हो, फक्ट्री का प्रोडक्शन ठीक हो । उस के लिए सारे लोगों को तैयार होना पड़ेगा, दलविहीन बात करनी होगी, तब देश आगे बढ़ सकता है । नहीं तो दिन रात यही देखने को मिलेगा कि वहां पर हड़ताल, वहां पर तालाबन्दी वहां पर भूख हड़ताल, वहां पर गोली, तरह तरह की चीजें चारों तरफ सुनाई पड़ेंगी । उस के लिए मैं विरोधी दल का होते हुए भी आप से यह प्रार्थना करता हूं कि इस तरह की चीज सरकार को लानी चाहिए और सब लोगों को उस में शरीक होना चाहिए । लेकिन उस में राजनैतिक बात नहीं आनी चाहिए जैसे कि बंगाल में आज हो रहा है, कांग्रेस वाले कर रहे हैं या और दूसरे लोग कर रहे हैं । इस तरह की बात जो लोग कर रहे हैं वह भी ठीक नहीं है । उस में सभी को सम्मिलित होना चाहिए और हड़ताल के पहले जितनी आम सहमति हो सकती है कि किन किन मामलों में क्या क्या करना जरूरी है वह पहले ही कर देना चाहिए जैसे मकान की बात है, भत्ते की है, बच्चों के तालीम की है, आवास की है, बाद में उन के पेंशन की बात है, इन सारी बातों में जितनी सुविधाएं दे सकते हैं वह देने का हमें टार्गेट बनाना चाहिए और उस के लिए समयबद्ध कार्यक्रम देना चाहिए । यह सब पहले ही दे देना चाहिए । उस के बाद भी अगर हड़ताल होती है तो सख्ती से कानून उस पर लागू होना चाहिए, यह मेरा आग्रह है ।

दूसरी बात रही बंधुआ मजदूरों की । बंधुआ मजदूरों का जैसा कि शोषण हो रहा है, उस के बारे में चारो तरफ शोर यही है कि कुलक किसान यह कर रहे हैं या वैसे किसान कर रहे हैं । मगर वह मेरे भाई जो अभी बोल रहे थे वह खेतों में जाकर देखें तो मालूम होगा कि उन में किस तरह से आपस में सम्बन्ध अच्छा है और किस तरह से वे लोग रहते हैं, तभी वे तरक्की कर पाते हैं । देहात के किसानों की जहां तक बात है और जो बंधुआ मजदूर हैं वे मिलजुल कर एक परिवार की तरह से रहते हैं । उनके यहां शादियों में, बीमारी में और तालीम के लिए पैसे दिए जाते हैं तभी वे अच्छी पैदावार करते हैं । जोर जबर्दस्ती से कभी भी अच्छी पैदावार नहीं हो सकती है ।

16 hrs.

दूसरी तरफ दिल्ली जैसे शहरों में 15, 17 या 18 वर्ष के जवान लड़के कोठियों में रहकर बर्तन मांजते हैं, होटलों पर रहते हैं, स्टेशन्स पर पड़े

[श्री चन्द्रपाल सिंह]

रहते हैं उनके लिए जरूर कुछ न कुछ करने की जरूरत है । उनका बुरी तरह से शोषण किया जा रहा है । उन बच्चों की शक्ति का उपयोग किया जाना चाहिए । यह किस प्रकार से हो यह सरकार के विचार करने की बात है । आज देश में बेरोजगारी फैली हुई है, अगर कहीं पर एक आदमी हटने की बात करता है तो सौ वहां आने के लिए तैयार होते हैं । ऐसी हालत में यह लड़के जो कोठियों, बंगलों पर बर्तन मांजने का काम करते हैं जिसके लिए उनको 50 रुपया महीना मिल जाता है, वहां पर उनका जीवन नष्ट हो रहा है । सरकार को चाहिए कि इस सम्बन्ध में कोई कानूनी पाबन्दी लगाए ताकि उनका उद्धार किया जा सके । आप खेती में काम करने वालों के लिए दिनरात कहते रहते हैं कि कुलक किसान शोषण करते हैं लेकिन यहां पर कोई देखने वाला नहीं है । आपको देखना चाहिए कि वास्तव में कहां पर शोषण हो रहा है—शहरों में शोषण हो रहा है या देहात में जो मजदूर हैं उनका शोषण हो रहा है ?

आज सारे देश में जो श्रमिक अशांति फैली हुई है उस पर भी आपको पाबन्दी लगानी चाहिए । जैसा कि मैंने सुझाव दिया है, आप मिलजुल कर कुछ ऐसे नियम और परम्परायें बनायें जिससे कि कुछ समय तक अशांति न रहे ताकि देश में जो बेरोजगारी की समस्या फैली हुई है उसको दूर किया जा सके । यही चन्द बातें मैं कहना चाहता था ।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा): सभापति महोदय, श्रम मंत्रालय की जो मांगें प्रस्तुत की गई हैं उनका मैं समर्थन करता हूं और यह कहना चाहता हूं कि जबसे हमारी कांग्रेस (आई) की सरकार आई है, लेबर डिपार्टमेंट ने ठीक काम किया है । जनता पार्टी के राज में जितने श्रम दिवसों का नुकसान हुआ था और जिस प्रकार से शासन के काम काज में बिगाड़ आया था उसको दुरुस्त करने के लिए श्रम विभाग ने प्रशंसनीय काम किया है । इसके लिए मैं माननीय मन्त्री महोदय को धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि वे इसको और भी आगे सुधारने में अग्रसर हो सकेंगे ।

आज सबसे ज्यादा खराब हालत बंगाल की है । वेस्ट बंगाल में मार्क्सिस्ट कम्युनिस्ट पार्टी का शासन है, वहां पर जानबूझ कर सरकार की तरफ से हड़तालें कराई जाती हैं । सरकार की ओर से मजदूरों से कहा जाता है कि अगर हड़ताल करोगे तो आपको ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाया जायेगा । इस प्रकार से बंगाल की सरकार देश के उत्पादन को गिराने में बहुत बड़ा योगदान कर रही है । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो सीटू की यूनियन है यह सबसे अधिक घातक है । यह यूनियन देश के मजदूरों को बर्बादी के रास्ते पर ले जा रही है । मैं मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि ये लोग लाठी के जोर से यूनियनों पर कब्जा करते हैं । एक तरफ तो ये कहते हैं कि हम पूंजीपतियों के दुश्मन हैं और दूसरी ओर ये पूंजीपतियों के दलाल बनकर उनसे पैसा प्राप्त करते हैं और हर इण्डस्ट्री में 10–15 गुण्डे पालते हैं और फिर लाठी, तलवार, बन्दूक और पिस्तौल से फैक्टरीज पर कब्जा करते हैं, वहां अपना आधिपत्य जमाने की कोशिश करते हैं । इस प्रकार की हालत है । इसलिए मैं आपसे मांग करता हूं कि आपको इस प्रकार की

व्यवस्था को रोकना चाहिए । आपको ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे सभी लोगों को ठीक प्रकार से साधन मिलें और वह अपने आपको साबित कर सके कि वह कौन सी यूनियन में ज्यादा विश्वास करते हैं । मैं जयपुर के बारे में निवेदन करना चाहता हूं, मैं कोटा के बारे में निवेदन करना चाहता हूं कि किस तरीके से जब-जब मौका आया, तब-तब कितने आदमियों की जानें गई, कितनी हत्यायें की गई । इसलिए श्रम विभाग को इस संबंध में निश्चित तरीके से ध्यान देना चाहिए । वे जब शिकायत करते हैं कि आपके पब्लिक सैक्टर में आपके अधिकारी लोग किस प्रकार से डराते हैं, धमकाते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती । इस वजह से दूसरे लोग मजदूर क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पनपने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं देती है । पब्लिक सैक्टर में जितने आपके अधिकारी हैं, वे सब इन शहर के लोगों से मिले हुए हैं और वे जितने कानून बने हुए हैं, वे उन कानूनों के खिलाफ काम करते हैं । आई०एन०टी०यू० सी० को रिकांगनाइज करने में ज्यादा गड़बड़ करते हैं और उनको मान्यता प्राप्त नहीं होती है । खेतड़ी में कापर प्रोजेक्ट है, वहां पर पहले आई०एन०टी०यू०सी० यूनियन रिकांगनाइज थी, इनटक के नाम से, लेकिन उसके बाद सब अधिकारियों ने मिलजुल कर एटेक को रिकांगनाइज कर दिया है । उनके पास कोई बहुमत नहीं है । उसके बाद मैनेजमेंट के लोग इन लोगों से डरते हैं, लाठी, तलवार और बन्दूक के बल पर, इनको प्रोत्साहन देते हैं । उसकी वजह से दूसरे लोग, जिनका बहुमत होते हुए भी, जिनमें ज्यादा विश्वास होता है मजदूरों को, उसके होते हुए भी ऐसे लोगों को सहायता नहीं मिलती । इसलिए मैं माननीय श्रम मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं वे इस ओर ध्यान दें ।

आप जहां कहते हैं, इस देश में कि हम गांधी जी के रास्ते पर चलते हैं, वहां पर तलवार और बन्दूक वाले कब्जा करना चाहते हैं, उनके संबंध में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है, श्रम विभाग क्या कार्यवाही कर रहा है, आपके अधिकारी क्या कार्यवाही कर रहे हैं? मैं जानता हूं आपके अधिकारी क्या करते हैं—वे बैठे रहेते हैं, कमिश्नर बैठा रहता है, एसिस्टेंट कमिश्मर बैठा रहता है, लेकिन जब शिकायत की जाती है, तो कोई सुनवाई नहीं होती है । मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है और वहां पर सेठों से मिल जाते हैं । मैं इस बारे में आपको एक नजीर देना चाहता हूं । मैनेजमेंट और मजदूर लोगों ने आपस में समझौता करके सात रु० मिनिमम वेज तय किया वहां के गेनरिया (भीलवाड़ा) सोप-स्टोन के बारे में । उसके बाद वहां झगड़ा बढ़ा और हमने यह मांग की हमको सात रुपए से ज्यादा मिलना चाहिए । मामला आर्बिट्रेशन में गया तो वहां के आफिसर एल०वी०आर० ने उसको घटाकर 6 रु० 65 पैसे कर दिया । जब इस प्रकार के अधिकारी श्रम विभाग में हैं तो कैसे मजदूरों को राहत मिलेगी । इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से खास तौर से आग्रह करूंगा कि वे उस ओर भी देखें । लेबर डिपार्टमेंट में हुकूमत करने के लिए अधिकारी नहीं बनाए गए हैं, ये मजदूरों का सहयोग करने के लिए बनाए गए हैं । ये बड़े-बड़े अफसर मोटरों में घूमने और अन्य प्रकार के साधन जुटाने के लिए नहीं बनाये गए हैं, बड़े-बड़े पूंजीपतियों से मिलकर आर्थिक तौर पर अपने आपको सम्पन्न करने के लिए नहीं बनाए गए हैं, बल्कि वे इसलिए बनाए गए हैं कि मजदूरों के शोषण को समाप्त करें, मजदूरों पर जो अन्याय होता है, उसको दूर करें । जब इस प्रकार की व्यवस्था करेंगे तब जाकर मजदूरों का हित होगा ।

मैं एक बात अब प्रोवीडेंट फंड के बारे में कहना चाहता हूं । प्रोवीडेंट फंड का महकमा बहुत गड़बड़ हो गया है । इसमें मैंने आपको पहले भी सुझाव दिया था कि जिस तरीके से आपने एल०आई०सी० के पांच जोन बनाए हैं, उसी तरीके से आप इसके भी बना दीजिए ताकि जो उसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है, वह समाप्त हो । दस-दस वर्षों से मजदूरों को रसीद

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

नहीं मिलती है । रसीद न मिलने की वजह से उनको लोन नहीं मिलता है । जब वे नौकरी से भी निकल जाते हैं, तब भी उनको प्रोवीडेंट फंड का पैसा नहीं मिलता है । मर जाने के बाद भी उनका पैसा नहीं मिलता है । इस प्रकार का हाल हो रहा है । आपके प्रोवीडेंट फंड के जो अधिकारी लोग हैं जब से हम अपने मिल-मालिकों को कहते हैं कि हमारे प्रोवीडेंट फंड की रसीद दिलाओ, और वे अपने अधिकारी को भेजते हैं, अपने कर्मचारियों को भेजते हैं, तो बावजूद दो-तीन महीने बीत जाने के बाद भी उस की कोई व्यवस्था नहीं होती है । इस प्रकार की हालत आप के विभाग की है और मैं चाहता हूं कि इस को दुरुस्त किया जाना चाहिए । इस से हमारे जो मजदूर हैं उन के दिल व दिमाग पर बहुत खराब असर पड़ रहा है । हम चाहते हैं कि प्रोवीडेंट फंड के संबंध में जो कानून हम ने बनाए हैं उन का ठीक तरह से पालन हो लेकिन उन का पालन ठीक तरह से नहीं हो रहा है । प्रोवीडेंट फंड का जो रुपया वसूल किया जाता है, वह सेठ खा जाते हैं और अपनी तरफ से वह पैसा नहीं देता है । मैं आप को बताऊं कि हमारे यहां मेवाड़ टेक्सटाइल मिल ने एक पैसा जमा नहीं किया और उस के ऊपर आप की तरफ से 20 लाख रुपये का जुर्माना हुआ मगर आप के जो अधिकारी हैं, वे उस से मिले हुए हैं और एक पैसा भी उस से वसूल नहीं हुआ है और आज भी उस पर 20 लाख रुपया बकाया है । मजदूरों का कितना पैसा बाकी है, इस का आप अन्दाजा लगा सकते हैं । मेरा कहना यह है कि जिस मालिक ने मजदूरों का शेयर खा लिया है, उस के खिलाफ क्रिमिनल प्रोसीडिंग्स होनी चाहिए, मगर आप के अधिकारी उस से मिले हैं और उस का प्रोसीक्यूशन नहीं करते हैं बल्कि उस को बचाने की कोशिश करते हैं । इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए कि जो अधिकारी पूंजीपतियों से मिले हुए हैं, उन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही हो । उन को सर्विस से निकाला जाए और उन के खिलाफ भी क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन होना चाहिए । तब जा कर सारी व्यवस्था ठीक बैठ जाएगी । इसलिए मैं मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं क्योंकि मजदूरों के प्रति वे सहानुभूति रखते हैं । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार की जो अव्यवस्था आप के विभाग में है, उस से हमारा सिर शर्म से झुक जाता है । हम चाहते है कि इस विभाग में जो वह गन्दगी फैली हुई है और निश्चित रूप से गन्दगी फैली हुई, वह ठीक हो और मजदूरों को राहत मिले । इस प्रकार की व्यवस्था आप के विभाग में होनी चाहिए ।

दूसरा निवेदन मैं ई० एस० आई० डिस्पेंसरीज के बारे में करना चाहता हूं । ये जो सेठ हैं, ये जो पूंजीपति हैं, कितना पैसा मजदूरों का काट लेते हैं लेकिन आप की जो ये ई० एस० आई० डिस्पेंसरीज हैं, इन से उन को अच्छी दवाईं नहीं मिलती है । बढ़िया बढ़िया दवाइयें तो आप के जो अधिकारी हैं, वे ले जाते हैं लेकिन जो गरीब मजदूर है, जो टी० बी० पेशन्ट है और दूसरी भयानक बीमारियों से ग्रसित है, उस को कितनी दवा यहां से मिलती है और किस प्रकार की उस की हालत है । कीमती दवाएं जो हैं व मजदूरों के लिए नहीं हैं, वे तो बड़े बड़े अधिकारियों के लिए हैं, और कुछ अन्य लोगों के लिए हैं । गरीब मजदूर तो मरना चाहता है और उसको मरने का राइट है । इसलिए उस के लिए कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है । इस प्रकार की व्यवस्था आपकी ई० एस० आई० डिस्पेंसरीज की कब तक चलती रहेगी । अगर इसी तरह की व्यवस्था चलती रही, तो जो मजदूर टी० बी० का पेशेंट या दूसरी ऐसी बीमारी से ग्रसित है, वह ठीक नहीं हो सकता और अपना इलाज माकूल तरीके से नहीं करवा सकता मेरा कहना तो यह है कि इस तरह की बीमारियों के लिए मजदूर को कीमती से

कीमती दवा मिलनी चाहिए । इस प्रकार की व्यवस्था जब तक आप की नहीं होगी, ई० एस० आई० के मामले में आप ऐसी कोई व्यवस्था जब तक नहीं कर पाएंगे और वहां जो अव्यवस्था है, उस को दूर नहीं करेंगे, तब तक मजदूरों का भला नहीं होने वाला है । सेठों से, मैनेजमैंट पर जो पैसा बाकी है, वह वसूल नहीं किया जा रहा है । उन से पैसा वसूल कर के मजदूरों को राहत दी जाए और इस प्रकार की व्यवस्था निश्चित रूप से करना चाहिए । तब जा कर ठीक प्रकार की व्यवस्था बैठ पाएगी ।

एक बात मैं वर्कर्स एजूकेशन सेन्टर के बारे में निवेदन करना चाहता हूं । पहले भीलवाड़ा में, मेरी कांस्टीटुयेन्सी में वह सेन्टर था, जिस को हटा कर जयपुर कर दिया गया है ।

श्री गवल किशोर शर्मा (दौसा) : उस को वहीं रहने दो ।

श्री गिरधारी लाल व्यास : मैं जयपुर से हटाने की बात नहीं कह रहा हूं, जयपुर में वह रहे लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भीलवाड़ा एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, जहां पर पहले वर्कर्स एजूकेशन सेन्टर था, वहां पर एक वर्कर्स एजूकेशन सेन्टर आप दे दो । मेरी मांग यह है कि वहां पर आप एक वर्कर्स एजूकेशन सेन्टर दीजिए ताकि वहां के लोगों के लिए ठीक प्रकार से व्यवस्था हो सके ।

इसी प्रकार से सोप-स्टोन के मजदूरों के सम्बन्ध में मेरा निवेदन है कि आप ने जो 6 रुपये 65 पैसे न्यूनतम मजदूरी दी है, जो मिनीमम मजदूरी दी है, उस से कैसे एक आदमी का पेट भर सकता है । जो आदमी सैकड़ों फीट खान के अन्दर जा कर खोदता है, उस को आप ने 6 रुपये 65 पैसे मिनीमम मजदूरी दी है, इस को आपको रिवाइज करना चाहिए और दूसरी खदानों में जितना पैसा और मजदूरों को मिलता है चाहे वह कोयले की खदान हो या अन्य खदान हो, उस के मुकाबले में ही उस को पैसा मिलना चाहिए, तब जा कर उस की स्थिति ठीक होगी ।

लाइमस्टोन के सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं ।..(**व्यवधान**)..माननीय सभापति महोदय, आप तो एक एक मिनट में घंटी बजा देते हैं । यह तो मजदूरों का मामला है, मुझे थोड़ा समय और दीजिए ताकि मैं मजदूरों के फायदे की बात कह सकूं, तो अच्छा होगा । आप इसमें भी मदद कीजिए और सोप स्टोन और लाइम स्टोन की खदानों के मिनिमम वेजिज रिवाइज कीजिए । सभापति जी, चूंकि आप घंटी बजा रहे हैं इसलिए मैं प्वाइंट ही बता देता हूं ।

सोप स्टोन और लाइम स्टोन की खदानों में वे सारी वेलफेअर एक्टीविटीज लागू नहीं हैं जो कि दूसरी खदानों में हैं । जैसे कि मकान के बारे में, बच्चों के बारे में और दूसरी चीजों के बारे में एक्टीविटीज हैं । आप इन खदानों में भी ये एक्टीविटीज लागू करेंगे तो आपकी दुआ से वे ज्यादा से ज्यादा काम कर सकेंगे ।

मेरा यह भी निवेदन है कि जो मेवाड़ टेक्सटाइल मिल है जिसके बारे में मैंने पहले भी निवेदन किया था कि उसके मालिकान मजदूरों को प्रोविडेंट फण्ड का पैसा खा गये हैं, ई० एस० आई० का पैसा खा गये हैं, हर प्रकार का पैसा उन्होंने खाया है । इसको ठीक किया जाना चाहिए । इस मिल का तुरन्त नेशनेलाइजेशन होना चाहिए । चार सौ मजदूरों ने इसके सम्बन्ध में आपको मि० रेड्डी (डिप्टी मिनिस्टर लेबर) को

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

मेमोरेण्डम भी दिया है और निवेदन किया है कि इसको जल्दी से जल्दी नेशनेलाइज किया जाए । अगर आपने यह नहीं किया तो यह बन्द हो जाएगी और तीन हजार मजदूर बेकार हो जाएंगे । मंत्री महोदय, मजदूरों पर कृपा कर के इसको नेशनेलाइज कीजिए अन्यथा उनकी रोजी-रोटी की दुरशीष हमको मिलेगी ।

पहले इंडस्ट्रियल कालोनीज बनाने के लिए 50 परसेंट सहायता भारत सरकार देती थी और 50 परसेंट सहायता राज्य सरकार देती थी । तब स्टेट की तरफ से इंडस्ट्रियल कालोनीज बनती थीं लेकिन वह पालिसी अब नहीं रही है । मजदूरों के पास न कोई मकान होते हैं और न कोई प्लाट होते हैं । दूसरी ओर कोई व्यवस्था भी मजदूरों के रहने के लिए निश्चित नहीं है । इसलिए इस पालिसी को रिन्यू कीजिए ताकि तमाम मजदूर लोगों को देश में रहने के लिए मकान की व्यवस्था हो सके और वे लाभान्वित हो सकें ।

दूसरे जो मजदूरों के लिए कालोनीज बनी हुई हैं जिनमें कि 15–15 और 20–20 सालों से मजदूर रहते हैं उनमें मजदूरों को हायर परचेज के बेसिस पर मकान दीजिए ताकि उन लोगों के लिए स्थायी तौर पर रहने के लिए छत की व्यवस्था हो सके ।

एम्प्लाएमेंट एक्सचेंजिज की व्यवस्था बड़ी खराब है । इनके द्वारा खास तौर पर शेडयुल्ड कास्टस और शेडयुल्ड ट्राइबस, अल्प संख्यक के लोगों को नौकरी नहीं मिल पाती है । मैंने देखा है कि बड़े बड़े पब्लिक सेक्टर के कारखानों में पैसा दे कर के लोग बाहर से लग जाते हैं और एम्प्लाएमेंट एक्सचेंज में भी नाम लिखा लेते हैं इन छोटी जाति के लोगों को इनएम्प्लाएमेंट एक्सचेंजों के द्वारा कोई नौकरी नहीं मिल पाती है । इन सारी व्यवस्थाओं को आपको ठीक करना चाहिए । अगर यह ठीक नहीं करेंगे तो नौकरियों में गड़बड़ी रहेगी । इसलिए मेरा निवेदन है कि आप इनमें व्यवस्था को ठीक करें ।

यूनियंस की रिकगनीशन के सम्बन्ध में मेरा निवेदन है कि उनका रिकगनीशन वेरीफिकेशन के आधार पर होना चाहिए ।

ग्रेच्युटी के सम्बन्ध में मेरा निवेदन है कि पहले साल में 13 दिन की ग्रेच्युटी देने का कानून था लेकिन बाद में इसको 15 दिन का किया गया । लेकिन एक्ट में यह प्रावधान स्पष्ट नहीं है । एक्ट में यह प्रावधान स्पष्ट कीजिए ।

आखिर में मैं पालेकर अवार्ड के बारे में निवेदन करना चाहता हूं कि बड़े बड़े अखबार जैसे टाइम्स आफ इंडिया और स्टेटसमेन हैं वे इन्हें लागू नहीं कर रहे हैं । उनका प्राफिट पहले से बढ़ा है उसके बावजूद वे इसको लागू नहीं कर रहे हैं । मैं आपको टाइम्स आफ इंडिया ग्रुप के मुनाफे के बारे में बताना चाहता हूं । इस ग्रुप का 1970 में 1137 लाख का रेवेन्यु था जो जो कि 1980 में बढ़ कर 3291 लाख हो गया । टेक्स काटने के बाद 1970 में जहां इसका प्रोफिट 32 लाख था वहां 1980 में वह 81 लाख हो गया । इस हालत में भी पालेकर अवार्ड को लागू न किया जाए तो यह गरीब जर्नलिस्टों के साथ अन्याय है । बड़े बड़े अखबार बड़े बड़े पूंजीपतियों के अखबार हैं और उन्हीं के लिए ये मुनाफा कमाने की व्यवस्था करते हैं । मेरा आपसे निवेदन है कि इस अवार्ड को उनसे लागू करवाया जाए । अगर वे इसे लागू नहीं करते तो गवर्नमेन्ट

की तरफ से इसको लागू कराने की समुचित रूप से व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि गरीब जर्नलिस्टों को पूरा वेतन मिल सके और वे इस देश की अच्छी तरह से सेवा कर सकें।

SHRI NARAYAN CHOUBEY (Midnapore): Mr. Chairman, Sir, we are watching with wonder and awe that the Government of India's policy is gradually becoming the policy of confronting the labour, the Government of India's policy is gradually becoming the policy of wage-freeze, the Government of India's policy is becoming a policy to take away from the workers whatever trade union rights exist instead of expanding and broadening the trade union rights. I will cite some examples.

How have you dealt with the recent strike by the public sector workers of Bangalore? You were standing helplessly. We did not find you amongst the workers to settle the dispute. We found Mr. Stephen going about there and brandishing *danda* over the workers—over the head of the Labour Minister. The Government of India could afford to lose production worth Rs. 126 crores, but the Government of India, the Ministry of Labour, could not give Rs. 6 crores to the workers. This is the direction in which their policy is moving.

The LIC employees are on strike. What for? You speak of democracy. You speak of the rule of law. But what is happening? You are not abiding even by the decision of the Supreme Court. You want to violate the decision of the Supreme Court. Then what can the workers and employees do except go on strike? Kindly tell me. You violate the terms of agreement you entered into; they go to court; the Court gives the decision in their favour, but you do not accept. Then what else can they do? I would request the Government of India, the Labour Ministry to see that this is settled. Don't think that every time you will simply take the sword and smash it. The Finance Department, I am told, has given notice to smash the strike. This is not the way, at least not the Gandhian method of which you are speaking.

You have advocated against full neutralisation of the cost of living index in the matter of D.A. and salary. You even refuse to correct the wrong, anti-labour price index of 1960, although the Committee set up by the Government advocated correction. Why? Is it not an anti-labour policy? I hope that you will see that the recommendations made by the Committee set up by the Government of India in the matter of correcting the wrong cost of living index of 1960, are accepted.

My friend opposite has talked about the Palekar award. You have accepted the Palekar award.—I thank you for that—but not those recommendations concerning the D.A. Why? You have accepted everything, but you have not accepted the recommendation concerning D.A. That is because you are for wage-freeze. You do not want the wages of the workers to rise. You want the profits to rise, but you do not want the wages to rise, you want the wages to be frozen. Even whatever recommendations in the Award you have accepted, you do not see that they are implemented. The *Times of India*, I am told, are not accepting the Award; even whatever you have accepted, they are not implementing. The *Statesman* is also not implementing the Award. And you are sitting like a doll. You are not doing anything. You do not give any protection to the people who are for implementing the Award....

MR. CHAIRMAN: Your Party's time is only five minutes.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: I can have it extended, Sir, by your grace.

There is a difference between the Janata and the Congress (I); my friends on the other side every time rise and say that it was in the Janata rule that

[Shri Narayan Choubey]

this thing happened or that thing happened. I am neither for Janata nor for Congress-I. But there is unity between you and Janata in one respect, that is, in bringing the workers down. The Industrial Relations Bill which the Janata Party brought and against which lakhs and lakhs of workers demonstrated and the streets of Delhi were flooded with the workers—that Bill you have again been bringing forward—without changing anything. You speak fighting against the Janata. Then why do you follow the footsteps of the Janata in the matter of Industrial Relations Bill? What are there in this Bill? The workers cannot go on a strike. You have brought so many paraphernolia. If that be followed, you will be binding the hands and feet of the workers and throwing them at the mercy of the employers. I warn you. If you do not desist from brining forward this Bill, the workers will again revolt. You may think of weakening the workers buf the working class, united, will give you a good rebuff in this matter.

Then, Sir, you do not even implement your own rules which are formulated. They are not Janata rules. They are brought by you—by the previous Indira Government. Then the Contract Labour Abolition and Regulation Act. What are you doing? You are not implementing that. I can give you an exeample. In the steel city of Jamshedpur have they implemented it? There 10,000 workers have been thrown out of empolyment and you and we all and particularly you, shed tears and crocodile tears for the Adivasis, Scheduled Castes and the Scheduled Tribes but the poor workers have been thrown out of employment in the TISCO. They are mostly our tribal belt workers. They have been thrown out. Do you want to do something for them?

At Dallirajhara what have you done? Their leader was arrested under the National Security Act, our friend, Shri Shankar Niyogi. He has been released perhaps by the court. Now 9000 workers of that jungle belt, miners, 9000 miners have not been allowed to join duty. And remember it is not a State affair, not that, it is not under the State of Bihar or UP. Central Ministry is very much involved in it and still you are not prepared to do anything. I hope you will do something in the matter.

Much has been said about the functioning of the office of the Provident Fund Commissioner and I do not want to repeat it. Actually it is in total jeopardy. There is no proper keeping of accounts. They do not give you receipts. Workers retire and they do not get their Provident Fund dues and a large number of officers are in close link and league with the management of the big houses. I can give you one example. There is one factory by name Laxmi Chemicals Industries (P) Ltd., Kharagpur. The Government of India here in the Labour Ministry said that the Provident Fund Act will be implemented there and they did so in the month of October. Even till this month of April the management has not done anything and the Provident Fund Act is not implemented and the management is saying that they will go to the court and the Regional Provident Fund Commissioner at Calcutta does nothing except taking money and collecting money from owners...

MR. CHAIRMAN: Kindly conclude.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: I am concluding, Sir.

I want to draw the attention of the hon. Minister to one matter. He is a very good friend of ours and I want to ask him—will you kindly hear it and do something? Gradually the Ministry is becoming a doll Ministry. I do not say—impotent. I say a doll Ministry. There are 24 million organised labour in this country. 24 million organised labour and in this 17 million are in the public sector and the most cruel part of the

entire thing is this that you you have no say over them. There your Energy Department comes, your Mines Department comes, your Steel Department comes, this department or that department comes. Then what is the use of keeping this Labour Department you even cannot implement the Industrial Disputes Act there. There is a proverb in Sanskrit which says:

किमतसा क्रियते धिन्ना, सा न सुता न दुग्धदा ।

What is the use of keeping such a cow which does not give milk or which does not give a calf? I suggest that something should be done by your department so that the authority of your department can be imposed in all these things.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): Don't kill the cow.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: Don't kill the cow. I say you do not kill the cow. What is the use of keeping the cow which does not give milk or calf? I suggest that your department should have authority over these things. Otherwise there is no use in having the ministry. The railways do not abide by the rules. All jobs which are of perennial nature should be departmentalised. Throughout the entire India in all the loco sheds, thousands and thousands are working. You go to Agra or Kharagpur or Bilaspur or Sealdah or to Howrah. Thousands and thousands of workers are working for years together as contract labour even though the work is of perennial nature. So long as there is steam engine, there will be coal or cinders. The railways do not abide by the rules. In the year 1976 they have recommended for making contract labours permanent. They do not abide by the rules. I hope you will go through the problems of these workers also. There should be one national minimum wage for the agricultural labour. I was hearing from the friends opposite, from the Congress Party, that the workers working in the copper mines are getting Rs. 6.50. They were getting Rs. 7.00 through the intervention of INTUC. Your department brought it down to Rs. 6.65. Such is the activity of your department.

You come and see West Bengal. There the agricultural labourer is getting a wage of Rs. 8.90 or Rs. 10. You will see one wage in Bihar and another wage in Bengal or in Orissa. There should be a national wage policy. Kindly see that Government protects the workers. Government can break the strikes but cannot protect the workers. This was what you did in Emergency. You behaved like Mother Kali when there was a strike. But you behaved like Lord Krishna when there was a lock-out. That is what you did in the case of loco workers recently. You break strike, you protect lockouts.

MR. CHAIRMAN: You leave Kali and everything to Shri Vajpayee Ji.

SHRI ATAL BEHARI VAJPAYEE (New Delhi): He comes from West Bengal and so he must talk about Kali.

SHRI NARAYAN CHOUBEY: You know that in 24 Parganas in Mohini Mills there was a lockout for more than a year. In Dalmia Dadri Cement Factory in Haryana there was a lockout from 19-3-1980. Will you do something for them? If you cannot do it then it will be

या ना सुता न दुग्धदा

In the end, I would like to sound a note of warning.

PROF. MADHU DANDAVATE: If he talks in Sanskrit, then he will have to explain in the Polit Bureau;

MR. CHAIRMAN: Please conclude now. Don't go into details.

SHRI NARARAN CHOUBEY: So, I would urge upon you to rise to the occasion. If the Government of India's policy becomes a policy to beat the workers or to belabour them, then, I will say with all humility that you may succeed to-day or

[Shri Narayan Choubey]

you may succeed tomorrow but the day after tomorrow you will never succeed because workers will unite and give you a proper rebuff.

With these words, I oppose the Demands for Grants.

MR. CHAIRMAN: Shri Sunder Singh. You are allowed three minutes only.

श्री सुन्दर सिंह (फिल्लौर) : चेयरमैन साहब, मैं स्टेट में दस साल तक लेबर मिनिस्टर रहा हूं। मुझे पता है कि हम यूनियन वालों को किस तरह टरका देते थे। हमारे पास तीन लफ्ज थे। जब हम लेबर मिनिस्टर्ज कांफरेंस में जाया करते थे, तो हम आखिर में तीन लफ्ज इस्तेमाल करते थे: यह मसला हल होगा वाई डिसकशन, पर्सवेशन एंड कनसिडरेशन। इस तरह हम सारे मसले को हल कर देते थे।

जब तक देश का हर एक आदमी अपने आप को लेबरर नहीं समझेगा, तब तक मुल्क तरक्की नहीं कर सकेगा। श्री व्यास ने बहुत लम्बी-चौड़ी बातें कहीं। उनकी स्पीच खत्म ही नहीं हो रही थी। हर एक मेम्बर को पांच मिनट में अपने ख्यालात रख देने चाहिए। मसोलिनी ने कहा था कि आई एम ए. लेबरर फर्स्ट एंड दैन ऐनीथिंग एल्स। जैसा कि मैंने कहा है, जब तक हिन्दुस्तान का हर एक इन्सान अपने आप को लेबरर नहीं समझेगा तब तक सिर्फ कानून बना देने से कोई मसला हल नहीं होगा।

आज सब लोग अपने अपने इन्ट्रेस्ट्स के लिए काम करते हैं। सब पैसा जमा करना चाहते हैं। लेबर के लिए कौन सोचता है? मैं श्री वाजपेयी को भी कहना चाहता हूं कि जब तक सब लोग लेबरर नहीं बनेंगे तब तक काम नहीं बनेगा। जब मैं श्री वाजपेयी को देखता हूं तो मेरा दिल खुश हो जाता है कि वह लेबर से बड़ी मुहब्बत करते हैं।

"As long as millions live in hunger and ignorance I hold every man a traitor who has been enducated at their expense and pays not the least heed to them.

लोग लेबर की कास्ट पर आगे बढ़ते हैं और फिर शहरों में आ कर मजे से रहते हैं। जब तक इन्सान अपने आप को ठीक नहीं करेगा, तब तक कोई भी काम ठीक नहीं होगा। मैं सोशलिज्म की बात बताना चाहता हूं। हम लोगों को महात्मा गांधी की शिक्षा को याद रखना चाहिए, स्वामी विवेकानन्द की बातों को अपने सामने रखना चाहिए।

"Even a morsel of food we eat is taken away from another's mouth."

इस उसूल पर चल कर लेबर का भला हो सकता है। कई लोग दस खाने खाते हैं और लेबर की हिमायत का दावा करते हैं। यह ठीक नहीं है।

"Where should you seek for God? Are not the poor, the miserable and the down-trodden Gods? Worship them first. I do not believe in God and religion who cannot wipe out tears from the widow's mouth and cannot bring a morsel of food to the orphan's mouth."

सिर्फ कानून बनाने से ही हमारे मसले हल नहीं हो सकते हैं। मैं किसी खास आदमी की आलोचना नहीं करना चाहता हूं क्योंकि आज तो बाबा आदम ही निराला हो गया है। हर एक आदमी को अपने आप को ठीक करने की कोशिश करनी चाहिए।

"Be of good cheer and believe that we are selected by the Lord to do great things and we will do them. Hold yourself in readiness. That is

be pure and holy and love for love sake. Love the poor, the miserable, the downtrodden and God will bless you."

जब तक हम इस रास्ते पर नहीं चलेंगे तब तक सिर्फ कानून बना देने से काम नहीं चलेगा। हम बहुत अरसे से कह रहे हैं कि लेबर को कारखाने में हिस्सेदार बनाना है। कहां बनाया है ? हम लोग गरीब और लेबर का नाम लेते हैं, लेकिन सही काम नहीं करते हैं। इसी वजह से लोग हैरान और परेशान हैं।

अब मैं जरा गुजरात की बात कहूं। वहां हमारे हरिजन भाइयों को बहुत दिनों से मार मार कर हलाल कर रहे हैं। आप देखें 1947 में जब इनको जरुरत थी तो हमारे हरिजन भाई इन के साथ थे। महात्मा गांधी की बात मान कर हम इन के साथ रहे। जब इनका काम निकल गया तो अब क्या कर रहे हैं। एक परसेंट भी नौकरी में नहीं आ पाए हैं और मार मार कर ढेर कर रहे हैं और चिल्ला रहे हैं कि हिन्दुस्तान में सब कुछ हरिजन ले गए जी, हरिजन सब खा गए जी। क्या खा गए जी ? कुछ भी नहीं खा गए। देखिए ये कारपोरेशंस हैं, बड़े बड़े कितने कारखाने हैं, मकान हैं इन सब में कितने हरिजन हैं ? सब जगह भारत माता जिन्दाबाद ही है न हम भारत माता जिन्दाबाद ही कहते रहेंगे लेकिन हमारा कहीं कुछ भी नहीं होगा, न कोई मकान, न कोई दूकान, न कोई सामान, बस भारत माता जिन्दाबाद है।

सभापति महोदय : अब खत्म कीजिए।

श्री सुन्दर सिंह : ये गरीबों का नाम लेते हैं। मुझे बड़ी हैरानगी आती है कि भाई, ये किस मुंह से गरीबों का नाम लेते हैं। यह जार्ज भी उन का नाम लेते हैं जो गाड़ियों उलटाते रहे हैं। ये बेचारे भी उन का नाम लेते हैं। बड़े पीसफुल आदमी हैं, गाड़ियों उलटाते चलते हैं।

सभापति महोदय : टाइम खत्म हो गया।

श्री सुन्दर सिंह : मैं यह सिर्फ आप से कहूंगा चेयरमैन साहब कि बाद में और भी चेयरमैन बनने वाले हैं उन से कहिए कि पांच मिनट से ज्यादा किसी को टाइम न दें। आप देखिए कि हरएक आदमी चाहता है कि उस का नाम आए, वह अपने ख्यालात यहां बताए। लेकिन यहां लोग जो शुरु करते हैं तो खत्म करने को आते ही नहीं। फिर फायदा क्या हुआ। काम एक का भी नहीं बनता। ये बेचारे अपोजीशन वाले तरस तरस कर मर रहे हैं इन का भी काम नहीं बनता।

मेरा सिर्फ यह कहना है कि अपने आप जब तक उस पर हम अमल नहीं करेंगे अपने आप में जब तक इंडिविजुअलिटी नहीं लाएंगे तब तक काम नहीं बनने का है। सीधी बात है कि सारे आदमियों को अपने आप को लेबर समझना चाहिए तब गरीब का भला हो सकता है, लेबर का भला हो सकता है और सोशलिज्म आ सकता है, डेमोक्रेसी चल सकती है।

श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव (मधुपुरा) : सभापति महोदय, मैं मानता हूं कि किसी भी मुल्क की बेहतरी उसके मजदूरों की संतुष्टि पर निर्भर करती है। यदि मजदूर संतुष्ट हुआ तो फिर अच्छा उत्पादन होगा और मुल्क आगे जाएगा।

बदकिस्मती से इस मुल्क की श्रम-शक्ति सबसे ज्यादा शोषित, पीड़ित और प्रताड़ित रही है। मैं मजदूरों को दो वर्ग में बांटता हूं—

[श्री रामेन्द्र प्रसाद यादव]

एक असंगठित मजदूर वर्ग जो कारखानों में काम करते हैं और प्रायः शहरों में रहते हैं और दूसरे असंगठित मजदूर वर्ग जो खेतों में काम करते हैं और प्रायः देहातों में रहते हैं। यदि आप गौर से देखेंगे तो दोनों प्रकार के मजदूर आज परेशान हैं। पहले तो इसलिए कि उनको काम के मुताबिक पैसे नहीं मिलते तथा महंगाई इस प्रकार आसमान को छू रही है कि वह अपना पेट भी नहीं भर पाते, परिवार का पेट भरने का तो प्रश्न ही नहीं पैदा होता। मैनेजमेंट कोई विहित सुविधा भी उनको देने के लि तैयार नहीं है। इन कारणों से आए दिन हड़ताल और तालाबन्दी हुआ करती है। इस हड़ताल और तालाबन्दी के कारण करोड़ों रुपये की क्षति होती है। मंत्री जी ने 1980 में 12.91 मिलियन मैन डेज लास बताया है जब कि 1979 में 43.87 मिलियन मैन डेज का लास हुआ यह इनका कहना है। पता नहीं क्यों यह सरकार बार बार जब कोई बात करती है तो इससे पहले की सरकार का आंकड़ा लेकर सदन में आती है। मैं पूछना चाहता हूं कि अभी जो आंकड़े इनके ही मुताबिक आपके सामने हैं 12.91 मिलियन मैन डेज लास्ट के क्या यह वाजिब है?

बदकिस्मती से यह सरकार हड़ताल और तालाबन्दी में बिना कोई काम कर ही नहीं सकती। मैं अगर यह कहूं कि यह सरकार वास्तव में हड़ताल की ही भाषा समझती है तो कई अत्युक्ति नहीं होगी। मैं आग्रह करना चाहूंगा मंत्री महोदय से कि क्या आप नहीं देख सकते कि वास्तव में जिन कारणों से ये हड़तालें और तालाबन्दी हो रही हैं उसके पहले जो वाजिब उनकी मांग है उसे मान लिया जाय जिसे आप मानते हैं कि माना जाना चाहिए और जो हड़ताल के बाद आप मानते हैं और करोड़ों रुपये की क्षति होने के बाद मानते हैं? क्या वह पहले नहीं किया जा सकता?

क्या सरकार हड़ताल तथा तालाबन्दी से पहले वाजिब मांगों को मान कर उस विशेष प्रतिष्ठान को घाटे के बचा सकती है या नहीं? पर इसके लिए भी सहृदयता चाहिए और मजदूरों की समस्या के प्रति सहानुभूति। बदकिस्मती से सरकार के पास वह भी नहीं है।

देहाती असंगठित खेतिहर मजदूरों की हालत और भी दयनीय है। भूखे भारत को खिलाने वाला धरती का लाल आज भूखा है। सुबह से शाम तक पसीना बहाने के बावजूद भी वह खुद का भी पेट नहीं भर पाता, भूखे परिवार को तो खिलाने का प्रश्न ही नहीं है।

सप्ताह और महीनों भूखे रहने वाले मजदूर के पेट की ज्वाला में सारा देश स्वाहा होने वाला है। चार महीने काम करने के बाद आठ महीने काम नहीं मिलने पर उनकी मुश्किलें और भी जटिल हो जाती हैं। सरकार कहने के लिए तो कागज पर बहुत से काम चलाती है लेकिन हकीकत यह है कि जहां से हम आते हैं वहां गांवों में यदि आप देखें तो बास्तव में 8 महीने उनको कोई काम नहीं मिलता है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि वह कोई ऐसी योजना बना सकती है या नहीं जिसमें, जब मजदूरों के पास कोई काम न हो तब उस समय उनको काम दिया जा सके? इसके लिए सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए।

यद्यपि सरकार ने इन समस्याओं के समाधान के लिए बहुत से नियम-कानून बनाए हैं जैसे—वर्कर्स पार्टिसिपेशन इन मैनेजमेंट, इण्डस्ट्रियल ट्रिब्यूनल तथा लेबर कोर्टस् की स्थापना, मिनिमम वेजेज ऐक्ट, एम्प्लाइज प्राविडेंट फंड ऐक्ट, एबालिशन आफ बाण्डेड लेबर ऐक्ट—परन्तु क्या ये सारे ऐक्ट्स जमीन पर उतर पा रहे हैं? आपने वर्कर्स पार्टिसिपेशन इन मैनेजमेंट की व्यवस्था की लेकिन क्या वास्तव में यह हो पाता है?

कतई नहीं। यदि यह हो गया होता तो यह समस्या ही सामने नहीं आती। आपने इण्डस्ट्रियल ट्रिब्यूनल ऐंड लेबर कोर्टस की स्थापना की लेकिन आप देखेंगे कि आज भी हजारों केसेज पेंडिंग पड़े हुए हैं। इसी तरह से आपने मिनिमम वेजेज ऐक्ट बनाया लेकिन क्या वह गांवों के मजदूरों पर लागू हो पाता है? आज भी उन्हें जो कम से कम मजदूरी मिलनी चाहिए वह नहीं मिलती है।

इसी तरह से जहां तक एम्पलाईज प्राविडेंट फंड की बात है, आज भी बहुत से ऐसे प्रतिष्ठानों को जिनको इसके अन्तर्गत लाया जाना चाहिए, खास कारणों से इसके अन्तर्गत नहीं लाया जाता है। मैं सरकार से इस तरफ भी ध्यान देने के लिए आग्रह करूंगा।

जहां तक बेरोजगारी की समस्या का सम्बन्ध है, मंत्री जी के मुताबिक ही आज देश में दो करोड़ लोग बेरोजगार हैं, जिनको कि रोजगार की जरूरत है। उनके लिए रोजगार की व्यवस्था करने के लिए जगह जगह एम्प्लायमेंट एक्सचेंज के दफ्तर खुले हुए हैं लेकिन वहां पर भी रजिस्ट्रेशन के लिए क्या करना पड़ता है—इसकी जानकारी भी सरकार को होनी चाहिए। अगर कहीं से एम्प्लायमेंट की नोटिस आती है तो वहां नाम भिजवाने के लिए भी कुछ करना पड़ता है, कुछ देना पड़ता है तभी नाम भेजा जाता है। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि वह इस ओर भी ध्यान दे।

शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्ज ऐंड अदर बैकवर्ड क्लासेज में जो लोग आते हैं उनको कहने के लिए तो सांविधानिक संरक्षण प्राप्त है लेकिन हकीकत यह है कि यह कह दिया जाता है कि उनका स्टैण्डर्ड उतना नहीं है। आखिर इसके लिए कौन जवाबदेह है? सदियों से जो लोग पिछड़े रहे हैं उनको आगे ले जाने की जिम्मेदारी किसकी होगी? मैं कहता हूं इसके लिए सरकार जवाबदेह है। उनको अपटु दि मार्क लाने के लिए अगर विशेष प्रशिक्षण देने की जरूरत हो या कोई अन्य सुविधा देने की बात हो, जैसे भी हो, सरकार का यह नैतिक दायित्व है कि संविधान के अन्तर्गत जो प्रावधान किया गया है उसकी पूर्ति उनके लिए की जाए। पता नहीं क्यों सरकार उनके द्वारा गठित आयोग और कमेटियों की रिपोर्ट पर कार्यवाही नहीं करना चाहती है, जिससे मजदूरों में कुछ शान्ति पैदा हो। उदाहरणस्वरूप मैं आपको एक ही बात कहना चाहता हूं। भूतलिंगम कमेटी की रिपोर्ट और रथ कमेटी की रिपोर्ट को आज तक लागू नहीं किया। यदि इन समस्याओं का आप समाधान करना चाहते हैं, मजदूरों को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो आपको इन समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए वरना मजदूर मजबूर होकर उठ खड़ा होगा, तो शायद वह सरकार व मुल्क दोनों के लिए ही एक समस्या पैदा कर सकता है। आज सबसे बड़ी जो आवश्यकता है, वह है नेशनल लेबर तथा वेज पालिसी की जिसके कार्यान्वियन के बाद शायद औद्योगिक शान्ति पैदा हो जाए, जो कि समय का तकाजा है। मुझे विश्वास है कि सरकार इस ओर अवश्य ध्यान देगी और कुछ कारगर कदम उठायेगी। इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

श्री हरीकेश बहादुर (गोरखपुर) : सभापति महोदय, आदरणीय श्री नारायण दत्त तिवारी जैसे एक बहुत ही सज्जन व्यक्ति के श्रम मंत्री होने के बावजूद भी उन्हीं के प्रदेश में श्रमिकों का भयंकर शोषण हो रहा है और उनको यातनायें दी जा रही हैं—यह मेरे लिए बहुत ही आश्चर्य की बात है।

मान्यवर, अभी मैं गाजियाबाद से चला आ रहा हूं। वहां से डेढ़ बजे गया था और वहां पर मजदूरों की समस्याओं का अध्ययन करके आ रहा हूं, इसलिए मैं चाहता था कि

[श्री हरिकेश बहादुर]

तुरन्त उसके बारे में कुछ बताऊं। मजदूरों के ऊपर वहां बहुत अत्याचार हो रहा है। कल एक संसद सदस्य जिनको पीटा गया था, उनके बारे में यहां सारी चर्चा हुई है, मैं वहां पर थोड़ी जानकारी करने के लिए गया था। मैंने वहां की पुलिस चौकी को देखा और वहां के पुलिस अफसरों से पूछा—तो उन्होंने बताया कि वहां पर जो आठ-नौ कुर्सियां पड़ी हुई थीं, वे सब कम्यूनिस्ट पार्टी के लेबर दफ्तर की कुर्सियां थीं; जिसको वे लोग उठा लाए थे। उनके दफ्तर को तोड़ा है और उनके सामान को लूटा गया। वे कुर्सियां पुलिस के दफ्तर में रखी हुई हैं। इस तरीके से ये सारी चीजें हुई हैं और उन लोगों ने मजदूरों के ऊपर अत्याचार किया है, गोलियां चलाई हैं, जबकि किसी भी उत्तेजना का कोई कारण नहीं था, फिर भी उत्तेजनात्मक कार्यवाही पुलिस की तरफ से की गई है। लोगों ने शिकायत की है एक पुलिस अधिकारी श्री दिनेश पांडे के बारे में, कि वह सबसे ज्यादा लोगों को टेरराइज कर रहे हैं, मारपीट कर रहे हैं। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उत्तर प्रदेश सरकार से कह कर के इसको देखे, इस तरह की चीजें नहीं होनी चाहिएं।

मान्यवर, बंगलौर में जिस तरीके से स्ट्राइक चली वह सरकार की मौजूदा इस नीति का परिणाम है। अभी हम कटिहार गए हुए थे वहां जूट मिल के वर्कर्स ने स्ट्राइक किया था, उनके ऊपर भी दमनचक्र चलाया गया, वहां के शासक दल के लोग, पुलिस के अफसर, प्रशासन के अफसर और सभी मिल-मालिक से मिले हुए थे। नतीजा यह हुआ कि मजदूरों की बुरी तरह से पिटाई हुई। श्रीमती राम दुलारी सिन्हा वहीं से आती हैं, उनको तो इस संबंध में पूरी जानकारी होगी कि कटिहार जूट मिल की क्या समस्यायें थी। इसके साथ हमारे एक भूतपूर्व संसद सदस्य वहां पर अनशन कर रहे थे, वे 35 दिन अनशन करते रहे और कांग्रेस के लोग कहते थे कि इसको मर जाने दो और समस्याओं का समाधान करने की कोई जरूरत नहीं है। जनता पार्टी के एक भूतपूर्व संसद सदस्य थे। मान्यवर, इस तरह की ये सारी चीजें हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में भयंकर बेरोजगारी फैली हुई है। वहां से लोग दूसरे प्रदेशों में—महाराष्ट्र, पंजाब और कलकत्ता आदि सभी जगहों पर जाते हैं और वहां जाकर रोजगार कमाते हैं। ट्रेनों की छतों पर बैठकर यात्रा करते हैं और वहां पर जाते हैं। उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार को उस क्षेत्र के औद्योगिक विकास की तरफ भी देखना चाहिए, नहीं तो बेरोजगारी खत्म नहीं होने वाली है। इस देश में बेरोजगारी की भीषण समस्या है।

मान्यवर, दिसम्बर, 1979 में जैसी कि लेबर मिनिस्ट्री की रिपोर्ट आई है, उसके बारे में मैं थोड़ा सा बताना चाहता हूं। एक करोड़ 43 लाख लोग 1979, दिसम्बर तक बेरोजगार थे, जबकि दिसम्बर, 1980 तक यह संख्या बढ़कर एक करोड़ 62 लाख हो गई है। इस प्रकार से लगभग 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। चार लाख 66 हजार लोगों को केवल नौकरी मिल पाई। मान्यवर, इस समय जो शिक्षित बेरोजगार हैं, जून, 1980 में इनकी संख्या 76.62 लाख थी जबकि 1979 में, एक साल पहले जब जनता पार्टी और लोकदल की सरकारें थीं, यह संख्या केवल 69.37 लाख थी। दस फीसदी की वृद्धि केवल इनके एक साल के शासन में हुई है।

मान्यवर, मैं बताना चाहता हूं कि 76.62 लाख लोगों में से 14.58 लाख ऐसे लोग हैं जोकि ग्रेजुएट हैं या पोस्ट-ग्रेजुएट हैं, स्नातक हैं या स्नातकोत्तर शिक्षा हासिल कर चुके हैं। अनुसूचित जातियों

के लोगों को भी बेरोजगारों की संख्या में वृद्धि हुई है ।

जहां तक महिलाओं का सवाल है, गत वर्ष तक 65831 महिलाएं बेरोजगार थीं और केवल 14 फ़ीसदी को ही इन में से नौकरी मिली है । यह सब सरकारी गाथा है, जो मैं बताता रहा हूं । इस तरह से आप देखें कि देश के सामने एक भयंकर बेरोजगारी की समस्या है और इस को दूर करने के लिए सरकार को सक्रिय कदम उठाने चाहिए, नहीं तो यह सरकार पूरी तरह से असफल रहेगी । हमारा केवल आलोचना करने से ही काम नहीं चलता, हम चाहते हैं कि सरकार ठोस काम करे जिस से यह समस्या दूर हो ।

एक बात मैं बॉंडेड लेबर के बारे में कहना चाहता हूं । आज भी देश में विभिन्न भागों में बहुत बड़ी संख्या में बॉंडेड मजदूर हैं । मैं इस बारे में तो कुछ नहीं कहना चाहता कि बॉंडेड मजदूर और भी हैं लेकिन सरकार की जानकारी में यह है कि बॉंडेड लेबर अभी भी हैं और हरियाणा के अन्दर इन्डियन एक्सप्रेस में कुछ घटनाएं निकली हैं और पुलिस भी उन को छुड़ा नहीं सकी है । वहां पर कुछ कॉन्ट्रेक्टर्स घूम रहे हैं, जो उन लोगों को भगा ले गये हैं । इस तरह की सारी बातें निकली हुई हैं ।

कृषि मजदूरों के बारे में अभी श्री आर० पी० यादव ने बताया है कि वे किस प्रकार से रह रहे हैं । सरकार ने जो उन के लिए मजदूरी निर्धारित की है, वह भी वे नहीं ले पाते हैं । उन की बहुत दुर्दशा है और उन की समस्याओं के समाधान की तरफ़ सरकार को तुरन्त विशेष ध्यान देना चाहिए ।

एक विशेष समस्या की ओर मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं और यह कम्युनिकेशन मिनिस्ट्री से सम्बन्धित है । हमारे पोस्ट आफिसेज में जो काम करने वाले हैं, जो कैजुअल वर्कर्स हैं, जो आकस्मिक मजदूर हैं, ये पिछले 6-7 वर्ष से काम करते चले आ रहे हैं लेकिन इन को सर्विसेज को नियमित नहीं किया जाता है । उसी प्रकार से रेलवे के मजदूरों की बात है । मैं खास तौर से पोस्ट आफीसेज के बारे में बताना चाहता हूं कि अगर 240 दिन इन का काम हो जाए, तो उन को जरूर स्थायी कर देना चाहिए लेकिन उन को स्थायी नहीं किया जाता है । वहां पर घूसखोरी चलती है । जिससे पैसा लिया जाता है, उस को रख लिया जाता है यहां तक कि लोकल एम्पलायमेंट एक्सचेन्जेज से भी लोग नहीं लिये जाते ।

एक बात यह और कहना चाहता हूं कि टाइम्स आफ़ इन्डिया के एम्पलाइज ने और नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन के एम्पलाइज ने अपनी समस्याओं के बारे में सरकार के सामने कुछ आवेदन दिये हैं, कुछ पत्रक दिये हैं लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । मैं चाहता हूं कि उन पर तुरन्त ध्यान दिया जाए और उन की समस्याओं का समाधान किया जाए ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि पालेकर ट्रिब्यूनल का जो एवार्ड है, उस के बारे में सरकार क्यों उदासीन है । जो बड़े बड़े अख़बार चलाते हैं, वे जिले के स्तर पर जो काम करने वाले कर्मचारी हैं, पत्रकार हैं उन की सेवाएं समाप्त कर रहे हैं । जो सुविधाएं उन को देनी चाहिएं वे उन को नहीं दी जा रही हैं और उन की सेवाएं समाप्त की जा रही हैं । इस का नतीजा यह हो रहा है कि बेरोजगारी की समस्या को और बढ़ाने में ये सहायक हो रहे हैं । इस को रोकने के लिए सरकार को कुछ प्रभावी कदम उठाने चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मैं श्रम मंत्रालय की मांगों का विरोध करता हूं क्योंकि मुझे लगता नहीं है कि इन से जो समस्याएं हैं, उन का कोई समाधान होने वाला है।

SHRI A. K. ROY (Dhanbad): Mr. Chairman, I come from industrial belt of Bihar—Dhanbad. My constituency has one lakh steel workers, more than two lakhs coalmine workers, some 20,000 fertiliser workers and one lakh more workers working in other industries. I am observing the activities of the Labour Department for the last 15 years. What has struck me is the gradual erosion and devaluation of the prestige of both the labour and also the Labour Ministry in the country. This is the Ministry which is the most idle doing little labour. This is the Ministry which can only bark, but has no biting teeth. I am giving an example. In Dhanbad previously there used to be Coalmines Welfare Organisation running different welfare activities for the coal-miners run by the Labour Ministry. This has now been snatched away from the Labour Ministry, and is going to the Energy Ministry. The Central Hospital that used to be run by the Labour Department, has gone to the Energy Ministry. The Coal Mines Provident Fund, that used to be run by the Labour Department, has also been taken away now. The Safety Organization was somewhere in between. It did not have sufficient number of officers to look after the safety of the workers. In the office of the Labour Commissioner there is so much of work. Until recently, there was no Regional Labour Commissioner separately for Dhanbad and Asansol. One RLC used to look after both the places. This is the respect and importance shown to the labour department in the industrial belt.

17 hrs.

I will give you examples. There are three man of workers here—permanent workers of the organized industry, casual workers and contract workers. Most of the poor people, viz. *dalit* people, Harijans and Adivasis come under contract workers. There are 6 million workers in the organized sector as permanent workers, and there are 20 million under contract labour. They brought out a Bill for the welfare of contract workers. It was called the Contract Labour (Abolition and Regulation) Bill, 1970. In this Act, they have defined the job of a perennial nature. The definition says that if a job had been performed for more than 120 days during the preceding 12 months, it would be deemed to be a job of perennial nature.

Section 10(2) of this Act prohibits contract system. It does not say what will happen to the contract workers. I would like that the Minister, while replying, must specify what the aims and objects of this Act are—are they to benefit the contract workers, or to punish them?

In the name of abolishing the contract system, even the public sector enterprises are retrenching the entire contract labour, while the spirit of this Act should have been to departmentalize contract workers. And the Labour Department is looking at this helplessly.

It is said that TISCO has thrown out 10,000 contract workers. What happened to Dalli Rajhara iron ore mines, and the Madhya Pradesh iron mines? Their leader Mr. Shankar Guha Niyogi was arrested under the National Security Act, and the advisory board of the State Government declared it illegal. There is terrorization by police there. There were 8,500 people working in the Dalli Rajhara iron ore mine, as contract workers under the Labour cooperatives. They were not allowed to resume duty. They are still without work. These iron ore mines come under the Bhilai Steel Plant which is under the Ministry of Steel at the Centre; and the miners are governed by the Labour Department at the Centre. The Central Government cannot take refuge under the plea that these workers come under the State's Labour Department, as it is doing in the case of TISCO.

On 16-5-1980, an agreement was reached in the Shram Shakti Bhavan.

MR. CHAIRMAN: After reference to this agreement, please conclude.

SHRI A. K. ROY: If the agreement is implemented, I will conclude.

In this agreement, the signatories are no less than the Chief Labour Commissioner (Central), the Deputy Chief Labour Commissioner (Central) and R.L.C. (Central); and on behalf of the workmen, the Chhatisgarh Shramik Sangh's leader Mr. Shanker Guha Niyogi. And this agreement assures that the workmen will be departmentalized by 15-9-1981 and that the departmentalization process will be completed by 15-11-1980. And it assures in Section 10 that the management reiterates their earlier assurance that there shall be no retrenchment. This was written; and after that, now 8500 workers are on the streets. You will be surprised to know that the Labour Department is writing to the Steel Ministry telling them—all their officers are convinced—that horrible things are being done—Nowhere in India 8500 workers are thrown out of employment—and the Steel Ministry is not replying to that. With all these things, I say that either you govern or quit. There is no use of having a Labour Ministry whose letters are not being replied to even by the sister Ministry. I want to know what steps you are taking to make your Department, your Ministry effective, assertive and having a full authority over the other Ministries?

SHRI CHITTA BASU (Barasat): At the outset, I would like to draw the attention of the hon. Minister incharge of the Labour Ministry to the Report which he has presented before the House. It is not only unsatisfactory but piecing together of certain performances by different sections of the Labour Ministry. I am also shocked to know that piecing together does not also betray the same skill of tailoring. It is not properly tailored. The major defect of this Report is that it does not project any labour policy at all.

Does the Government possess a labour policy concerning the industrial relations, concerning the wage, concerning the bonus and concerning all aspects of the labour? If you go through this Report you will find that there is no coherent, cohesive, well-marked and well-defined labour policy. Am I to conclude that the Government has no labour policy? No. I cannot conclude that the Government has got no labour policy. As a matter of fact, the labour policy is to assault the working class of our country, to suppress the democratic and legitimate trade union rights of the entire working class.

Generally, an idea is being created in this country that the working class is being pampered and their earning is going higher and higher and, therefore, there should be a policy of wage freeze.

SHRI ANANDA GOPAL MUKHOPADHYAY (Asansol): I remember that you had uttered the same words in the earlier budget also. *(Interruptions*

SHRI CHITTA BASU: So long as you are there, the same words will be repeated. You pursue the same policy and therefore, you should be always at the receiving end.

PROF. MADHU DANDAVATE: That shows the earlier budget was as bad as.....

17.08 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

SHRI CHITTA BASU: I am happy that you are there because you are also a trade unionist. A mistaken idea has been created in our country that the organised working class of our country is getting a higher wage. This idea is a myth and has to be exploded. I quote from some sources. It says as follows:

> "The wage bill as per centage of the gross output declined from 11.2 per cent to 10.2 per cent during 1975-76, 1976-77."

[Shri Chitta Basu]

Of course, it happened during the emergency. Do not become angry. I know even during the Janata Government this decline was there, that is, the wage bill as percentage of the gross output has been on a decline, and it is continuing to decline. If you take another instance you will find Mr. Ananda Gopal Mukhopadhyay should bear it in mind—that in the public sector the decline is more. It has dropped from 17.7 per cent to 14.7 per cent. There has been a gradual decline of wage.

Therefore, there has been a great deal of decline of wages. The wage bill, as percentage of value added, declined from 51 per cent to 49 per cent in the private sector and from 63 per cent to 49.3 per cent in the public sector. My point is that the wages are being eroded. There has been an erosion in the real income. Of course, they say that the country is passing through a period of inflation. I want to make it clear. Inflation is there. But this inflation is not due to wage increase. It is not the wage increase which has created inflation. It is the cost push which creates inflation. The Labour Ministry has to understand the implications of the economy of our country. On the other hand, on the pre-text that there has been an increase in the wages, as there is inflation, they want that there should be a freeze of wages. That is what is called the wage freeze policy. I would not have objected to this policy of freeze. As a trade unionist you should understand that there is no freeze on the prices, there is no freeze on the profits, there is no freeze on the expenditure, and there is a freeze in the wages! The freeze is not there on income. The freeze is there on the wages. It is not there on the prices. If you allow me I can show you that private sector industries are making enormous profits. I would like to say, that the top 101 Indian industrial giants in the private sector ranked high in terms of assets and the year 1978-79 was an excellent year. The profits were absolutely sensational. The gross profits rose by 15.3 per cent — a five-fold increase over the previous years' rise. I do not want to quote more. This proves that there has been a fabulous increase of profit. There has been conering of profits by taking advantage of inflation. But, on the other hand, it is the workers who are at the receiving end. It is the organised working classes who are at the receiving end. Therefore, the Labour Ministry does not project any policy in the matter of wages, how this wage erosion can be arrested.

I pass on to another point. Another point is, that the Labour Minister is determined to see that the industrial relations edifice which has been built up during these years of working classes is destroyed. This edifice has to be retained. But what I find is this entire industrial relations edifice is being broken, it is being destroyed, destroyed in the sense that collective bargaining which is the derivative right of the Fundamental Right of the Constitution is denied. The Labour Ministry should understand that our Constitution provides the Fundamental Right of organisation. Out of that Fundamental Right to organise flows the principle of collective bargaining. This principle of collective bargaining is the hub of the industrial relations. The right to collective bargaining is the fundamental right and fundamental weapon for the working classes. It is the Labour Ministry which is trying to deny that Fundamental Right. As, for example, take the case of the L.I.C. You know it well. The basic right of collective bargaining has been negated, the Supreme Court judgment has been negated, and the entire working class is relying only on their unity, strength, their solidarity and militance. This leads to loss of production. This leads to industrial disharmony. While the Labour Ministry is the instrument to maintain industrial harmony, the policy they are pursuing is bringing about industrial disharmony. In this connection, I want to mention the existence of BPE—Bureau of Public Enterprises. BPE is functioning over the head of the Labour Ministry. It is functioning at cross purpose with collective

bargaining. No direct dialogue, no negotiation, can be done and no settlement can be arrived at in public sector industries unless the BPE clears it. What is the good of having conciliation machinery? What is the good of having the Industrial Disputes Act, if only on the basis of the conditions laid down by the BPE the industrial negotiations are to be conducted? Therefore, the fundamental right to collective bargaining is being assaulted and destroyed. This is the labour policy of the Government today. Therefore, if they are interested in maintaining the industrial harmony, this policy has to be revised. In order to revise this policy, a new set of principles are to be evolved by mutual consent, by discussion, by dialogue, between the leaders of the organised working class and the Government.

Many members have referred to the Contract Labour (Abolition and Regulation) Act. He has been Minister in charge of Planning and I would like to quote what he has commented as Planning Minister. In the Sixth Plan document which he produced it is said:

> "The working of the Act over the years has indicated a somewhat slow rate of progress in abolishing contract labour."

MR. DEPUTY-SPEAKER: He himself accepts it!

SHRI CHITTA BASU: It is he who has produced it. Would he kindly see that this Act is properly implemented?

Regarding inter-State migrant labour, here also the Sixth Plan document makes this observation:

> "Effective steps would be taken during the Sixth Plan to ensure the implementation of this Act— Inter-State Migrant Workmen (Regulation of Employment and Conditions of Service) Act, 1979—by a suitable machinery at the Central and State level."

Would he kindly assure the House that that kind of implementing machinery will be set up, so that the object of this Act can be given effect to?

श्री जयपाल सिंह कश्यप (आंवला) : माननीय उपाध्यक्ष जी, सोशलिस्ट पार्टी को जो आपने समय दिया है और विशेष रूप से मुझे, उस के लिये मैं आभारी हूं । मुझे यह कहना है कि श्रम नीति से जो उम्मीद की गई थी और देश के लोगों को उम्मीद थी कि कोई बुनियादी परिवर्तन उसमें किया जायगा क्योंकि हमारे पुराने साथी और आज के मौजूदा श्रम मंत्री जी हमारे समाजवादी साथियों में से हैं जिन्होंने श्रमिकों के लिये पहले बहुत बड़ा संघर्ष किया था । लेकिन जो नीतियां देखी हैं वही जर्जर नीतियां हैं जो घिसी-पिटी हैं जिन्होंने हमेशा पूंजीपतियों का साथ दिया है । सारे विवरण को देखने के बाद मालूम होता है कि यह तो पूंजीपतियों के सहयोग का मंत्रालय बन गया है । वह सरमायादारों और उद्योगपतियों को सहयोग देने वाला मंत्रालय बन गया है । इस सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में लिए गए निर्णयों को भी लागू नहीं किया है। उसने बहुत से श्रमिकों को छोड़ दिया है, उनकी उपेक्षा की है, उसने क्या सोचा है छोटे छोटे होटलों में काम करने वाले मासूम बच्चों के बारे में, जिनका भयंकर शोषण होता है ? जो लोग दिल्ली की सड़कों पर ठेला खींचते हैं, उसने उनके बारे में नहीं सोचा है । जो नदी और पानी में काम करते हैं, जो खेतिहर मजदूर हैं, इस सरकार ने उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया है । उसने केवल संगठित मजदूरों के बारे में इतना ही सोचा है कि किस प्रकार पूंजीपति उनका शोषण कर सकते हैं । इस सरकार ने श्रमिकों के लिए कोई उपयोगी काम नहीं किया है, इस लिए मैं इस मंत्रालय की डिमांड्स का विरोध करता हूं ।

आज मजदूर कीड़े-मकोड़े की जिन्दगी जी रहे हैं । उनकी कालोनी में जा कर देखिए : भिनभिनाते मच्छर और गन्दगी । उनके रहने के लिए कोई जगह नहीं है । उनके कल्याण के लिए कुछ नहीं किया गया है । उनके बच्चों के पढ़ने-लिखने की कोई

[श्री जगपाल सिंह कश्यप]

व्यवस्था नहीं है। वे लोग करते रहे मेहनत और सारा मुनाफ़ा उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को मिले, सरकार ने उनके शोषण का यह तरीका बना लिया है।

आज भी ठेकेदारी प्रथा इस देश में चल रही है, लेकिन सरकार ने उसको समाप्त नहीं किया है। एक बड़ा मज़ाक आज भी देश में चल रहा है। जो एम्पलाईज़ दसियों सालों से काम कर रहे हैं, उन्हें आज तक मुस्तकिल नहीं किया गया है। भूतलिंगम कमेटी की रिपोर्ट की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। पी एंड टी में कई लाख कर्मचारी हैं, जिन्हें कनफ़र्म नहीं किया गया है, वे आज तक एड हाक और टेम्पोरेरी बेसिस पर काम कर रहे हैं। सरकार क्यों नहीं यह व्यवस्था करती कि लोग कनफ़र्म किये जायें और उन्हें पर्मानेंट जाब मिले ? इस मंत्रालय को पूंजीपतियों और बड़े-बड़े लोगों के हाथ में खिलौना बना दिया गया है।

रोज़गार दफ्तरों का तो कुछ कहना ही नहीं है। वे भ्रष्टाचार के अड्डे हैं। अगर नोट खिसकाइये, तो चिट्ठी खिसकेगी। ऐसे उदाहरण मौजूद हैं कि लोगों के नाम पांच-पांच साल से दर्ज हैं, लेकिन उन्हें आज तक चिट्ठी नहीं मिली है। अगर उन्हें चिट्ठी भेजी भी जाती है, तो वह उस समय मिलती है, जबकि डेट एक्सपायर हो जाती है, इन्टरव्यू हो चुकता है। कम से कम एक महीने का नोटिस देना चाहिए। ताकि लोग इन्टरव्यू या कम्पीटीशन में जा सकें। मंत्री महोदय को बड़ी गम्भीरता के साथ इस पर विचार करना चाहिए।

जैसा कि श्री डागा ने कहा है, अगर सरकार बेरोज़गार भत्ता नहीं देती, तो देश के लोग किस तरफ़ बढ़ेंगे, इस देश के संविधान और प्रजातंत्र का क्या होगा, यह सोचा भी नहीं जा सकता है। अगर सरकार बेरोज़गारी का भत्ता न दे सके, श्रमिकों को प्रबन्ध और मुनाफ़े में हिस्सा न दे सके, तो देश में किस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी ? आज वे लोग महंगाई से परेशान हैं। उन्हें जितना वेतन मिलना चाहिए, आज उससे कम वेतन उन्हें मिलते है।

आज श्रमिकों और श्रमिक नेताओं को कोई सुरक्षा नहीं है। पता नहीं, पुलिस कब किसी का हाथ तोड़ देगी। आज इस सदन के माननीय सदस्यों के भी हाथ तोड़े जाते हैं। मज़दूर नेताओं को पीटा जाता है। पिछले साल कितने श्रमिक नेताओं की हत्यायें हुई हैं ? उनके बच्चों और स्त्रियों तक को मारा गया है। यह सरकार और यह मंत्रालय उन्हें कोई सुरक्षा नहीं दे पाते हैं। प्राविडेंट फंड में घोटाले का प्रश्न तो सरकारी बैंकों से ही उठाया गया है।

मैं ज्यादा नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन लोगों को रोज़गार की गारंटी और पर्मानेंट एम्पलायमेंट मिलनी चाहिए। आज सरकार द्वारा जो मशीनीकरण, अभिनवीकरण या रेशनलाइज़ेशन हो रहा है, उससे मज़दूर बेरोज़गार हो रहे हैं और पूंजीपतियों का मुनाफ़ा बढ़ रहा है। मैंने गोआ और बहुत सी दूसरी जगह देखा कि जहां मज़दूर काम कर सकता है, वहां मशीन से काम लिया जा रहा है। आयरन ओर को लादने, तोलने और धोने का काम मशीनें कर रही हैं। इस तरह से यह सरकार इस देश के करोड़ों मज़दूरों को बेरोज़गार कर रही है। अगर ऐसा ही होता रहा, तो देश एक ऐसी स्थिति में पहुंच जाएगा, जबकि यह सरकार श्रमिकों को पेट की आग को बंदूकों की गोलियों से ठंडा नहीं कर पाएगी, पुलिस के डंडे से उनकी जुबान को बन्द नहीं कर सकेगी। आज देश का मज़दूर और किसान जग चुका है। जितना ही यह सरकार बन्दूक, लाठी और डंडे से उन्हें दबाने का प्रयास करेगी, देश में उतनी ही ज्वाला भड़केगी। हमारे श्रम मंत्री जो जो हमारे पुराने साथी हैं, उन को आज मैं याद दिलाना चाहता हूं डा० लोहिया की, याद दिलाना चाहता हूं जयप्रकाश

नारायण की, याद दिलाता हूं उस समाजवाद की जिस के लिए उन्होंने एक बार संकल्प लिया था, आज उसी को ध्यान में रख कर देश के श्रमिकों को ऐसा कुछ दीजिए जिससे देश का श्रमिक आप को याद कर सके। यही कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

योजना तथा श्रम मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी) : श्रीमन्, मैं किन शब्दों में उन सभी माननीय विद्वान सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करूं जिन्होंने श्रम मंत्रालय के अनुदान के सन्दर्भ में अपने विचार व्यक्त किए हैं और अपने सुझावों से हम को गौरवान्वित किया है। मैं नत मस्तक हूं श्रीमन्, आप के सम्मुख कि इस सदन के विनम्र सेवक होने के नाते मुझे प्रथम बार यह सुअवसर प्राप्त हुआ है कि मैं श्रम विभाग जैसे महत्व के विभाग के अनुदानों के सम्बन्ध में जो माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं उन के संदर्भ में कुछ निवेदन करने की विनम्र चेष्टा करूं।

यह हमारा सौभाग्य है कि इस सदन में ऐसे विद्वान सदस्य विराजमान हैं जिनका जीवन श्रमिक आन्दोलन के प्रति समर्पित रहा है। चाहे इस पक्ष के हों चाहे उस पक्ष के, उभय पक्ष के बोलने वाले विद्वान सदस्य जो श्रमिक आन्दोलन के प्रति समर्पित हों यदि वह अपना सुझाव देते हैं तो भले ही उस में आलोचनात्मक पुट हो, भले ही उस में विरोधाभास हो, भले ही उस में विरोधात्मक भावनाओं का समन्वय हो, फिर भी शासन पक्ष को समादर के साथ उन सुझावों को सुनना पड़ता हैं।

यह कहा गया कि आज श्रम सम्बन्धी कोई नीति नहीं है। यह भी कहा गया बलपूर्वक शब्दों में, परिमार्जित, परिष्कृत, संसदीय भाषा में कहा गया कि हमारी नीति श्रम विरोधी, ऐंटी लेबर नीति है। मैं विनम्रतापूर्वक यह निवेदन करूं कि जो आज श्रम नीति चल रही है क्या वह चन्द महीनों की नीति है? नहीं, हमारी श्रम नीति को हमारे संविधान ने शक्ति प्रदान की। हमारी श्रम नीति को जब से यह संसद स्थापित हुआ है तब से उस समय के विद्वान सदस्यों ने समय समय पर जो वहां विचार व्यक्त किए हैं, जो कानून अधिनियमित किए हैं, जो विधि विधान बनाए हैं उन सबने परिमार्जित, परिष्कृत और संपुष्ट किया है। हमारी श्रम नीति, देश की चलती आ रही लेबर पालिसी का इतिहास है। इस के इतिहास निर्माता हैं वी वी गिरि, एन एन जोशी, खासखदा, गुलजारी लाल नंदा, एच ए डांगे ऐसे लोग व विभिन्न संसदीय समितियां जो समय समय पर गठित होती रहीं। यह कोई पार्टी का प्रश्न नहीं रहा। हम ने जो श्रम कानून बनाए हैं, मैं विनम्रतापूर्वक लेकिन गर्व के साथ कह सकता हूं, अपने लिए नहीं, मैं व्यक्ति के रूप में कुछ नहीं हूं लेकिन मैं कह सकता हूं कि इस संसद ने जो श्रम सम्बन्धी कानून पारित किए हैं पिछले तीस वर्षों में, संसार में इस की मान्यता है कि ऐसे कम कानून बने हैं अन्य देशों में। संसार के दूसरे देशों की तुलना में आज हमारे भारत की जो श्रम-संहिता है श्रम कानून की उसका एक आदर है, एक स्थान है और यह कहा जाता है अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, इंटर-नेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन में कि भारत ने जो कानून श्रमिक के लिए बनाए हैं वे संसार के अनेक देशों की तुलना में प्रगतिशील हैं, अधिक साध्य हैं और श्रमिकों के हितों का संवर्द्धन करने वाले हैं। यह मान्यता आज अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और संसार के दूसरे देशों में है। हमारे श्रम कानूनों की एक और विशेषता यह है कि कोई एक दल नहीं, पहले से ही यह त्रिदलीय रूप से अभिभूत होते रहे है। इनका विकास होता रहा है त्रिदलीय सम्मेलनों में। मेरे एक दो मित्र, जिनका मैं बड़ा आदर करता हूं, उनको यह लगा कि क्यों इतनी कमेटीज बैठती है, क्यों इतना विचार-विमर्श होता है, क्यों लंबा विचार विमर्श होता है लेकिन यह विभाग ही ऐसा है. श्रम कानूनों का मतलब ही यह है इसमें त्रिदलीय सम्मेलनों के माध्यम से संविधान की कानकरेन्ट लिस्ट में जो लिखा हुआ है प्रदेश सरकारों से भी और प्रदेश स्तर

[श्री नारायण दत्त तिवारी]

के मजदूर संगठनों से भी इस सम्बन्ध में परामर्श करके पग-पग आगे बढ़ना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि हम जैसा चाहें वैसा कानून एकदम बनायें। मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं। इस समय जो हम श्रमिकों को साझेदारी का कानून बनाना चाहते हैं जो विधेयक हम प्रस्तावित कर रहे हैं इससे संबंधित समिति के अध्यक्ष कौन थे? इसके अध्यक्ष थे सम्मानित भूतपूर्व श्रम मंत्री रवीन्द्र वर्मा जी। इसके सदस्य कौन थे? सदस्य थे :

श्री कुर्ने, सी पी एम (सीटू) के,
श्री के पी तिवाठो, इन्टक के,
श्री भाई जो शर्मा, ए आई टी यू सी के,
श्रीयुत श्रीकांठन नायर, यू०टी०यू०सी के,
श्री एन सी गांगुली, भारतीय मजदूर संघ के,
श्री आर एन शुक्ल, नेशनल लेबर
आर्गेनाईजेशन के और
श्री राम देसाई, हिन्द मजदूर सभा के।

इस कमेटी ने साझेदारी के सम्बन्ध में जो रिपोर्ट दी उसी के आधार पर हम विधेयक प्रस्तावित करने जा रहे हैं। अब इसमें अवश्य समय लगता है। हम मानते हैं और स्वीकार करते हैं कि समय लगता है लेकिन क्या यह उचित नहीं है कि हम श्रम विभाग के सम्बन्ध में जो भी कानून बनावें उसमें इस बात का प्रयास करें कि जो अखिल भारतीय श्रम संगठन है या अन्य संबंधित मजदूर व उद्योग कर्त्ताओं के सुझाव है उनके विचारों को यथासंभव समन्वित कर सकें? अपने विधान और कानूनों को बनाते समय सदैव हमारी यही चेष्टा रहती है।

यह कहा जाता है और आज भी कहा गया है जिसमें कुछ तथ्य भी है कि हमारी राष्ट्रीय वेतन नीति, नेशनल वेज पालिसी अभी तक नहीं बन पाई है। इस सम्बन्ध में हमारा प्रयास रहा है, पिछले शासन के दो वरिष्ठ सदस्य यहां बैठे हैं, पिछले शासन का भी यह प्रयास रहा है कि राष्ट्रीय श्रमिक सम्मेलन बुलाया जाए, नेशनल लेबर कांफ्रेंस बुलाई जाए और उसमें राष्ट्रीय वेतन नीति के बिन्दु बिन्दु पर विचार किया जाए। वह सम्मेलन बुलाया नहीं जा सका। कारण यह रहा कि कौन प्रतिनिधित्व करे—यह प्रश्न उठ गया। कल हमारे विद्वान सदस्य आनन्द भाई ने एक सारगर्भित भाषण दिया और यह उल्लेख किया कि एक सी०टी० यू० सी० (लेनिन सारणी) नामक संगठन है जिसकी सदस्य संख्या 10 लाख हो गई हैं जो सीटू की संख्या से ज्यादा है। अब हमारे सामने कठिनाई यह है कि हम क्या करें? मैंने चाहा कि पता लगे कि आखिर लैनिन सारणी की इतनी दस लाख सदस्य संख्या कैसे हो गई। मैं कोई आलोचना के लिए नहीं कह रहा हूं, केवल सूचना के लिए कह रहा हूं—पश्चिम बंगाल से आने वाले सदस्य इसको दूसरे मायनों में न लें—मैंने जब सूचना मांगी तो देखा कि इसकी मेम्बरशिप की जो सूचना आई है उसमें 9 लाख और कुछ हजार सदस्य संख्या पश्चिम बंगाल सरकार ने ही भेजी है लेनिन सारणी की। अब हम क्या करें? जब एक प्रदेश सरकार के रजिस्ट्रार आफ ट्रेड यूनियन्स हमारे पास कोई सूचना भेजते हैं तो उसको स्वीकार करने के लिए हमें बाध्य होना पड़ता है। लेकिन चूंकि कल माननीय सदस्य ने इस प्रश्न को उठाया इसलिए मैं दोबारा जांच करूंगा कि क्या कारण है कि लेनिन सारणी की सदस्य संख्या इतनी बढ़ गई। पग पग पर कठिनाइयां हैं कि कैसे श्रमिक संगठनों को मान्यता दी जाए। थोड़ी देर के लिए हम स्वीकार कर लें कि गुप्त रूप से मतदान प्रणाली के द्वारा हम चुनाव कराते हैं। लेकिन जहां पर ग्यारह मुख्य केन्द्र संगठन हों, जहां पर देश की हजारों यूनिटों में, हजारों कारखानों में, सैंकड़ों प्रतिष्ठानों में एक-एक नहीं 12–12 और 14–14 यूनियनें हैं। श्रीमन्, मुझे भी सौभाग्य प्राप्त हुआ देश के वरिष्ठ श्रमिक नेता हैं, उनसे परामर्श करने का, सबसे बड़ा प्रश्न उनके सामने क्या था? प्रश्न यह था कि क्या मान्यता प्राप्त यूनियन की मान्यता आज उतनी रह गई है जितनी

कि पहले थी। क्यों कि मान्यता प्राप्त यूनियन एक है, जो सिक्रेट बैलेट के आधार पर चुनी गई है, लेकिन आज दूसरी जो आठ-नौ यूनियनें हैं, उनके कुल मिला कर सदस्य ज्यादा हैं। इस संबंध में उनसे अमान्यता प्राप्त यूनियनों में किस प्रकार बातचीत की जाए, आज सबसे बड़ा प्रश्न यह उठ गया है। आज वे मजदूर यूनियनें, जो मान्यता प्राप्त नहीं हैं, लेकिन कुछ केन्द्रीय मजदूर संगठनों से उनका सम्बन्ध है, वे फिर शिकायत करती हैं कि मान्यता प्राप्त यूनियन से ही क्यों बातचीत हो रही है—यह मिलीभगत है और फिर वे आंदोलन करते हैं, इस वजह से भी आज औद्योगिक अशांति है। कई स्थानों में वह एक पराकाष्टा में पहुंच गई है। उसमें केवल एक मान्यता प्राप्त यूनियन से ही या इस तरह बैलट से ही काम चलने वाला नहीं है। हम अपनी सूचना बताती है कि टिस्को में भी यही हुआ। जिस टिस्को ने कान्ट्रैक्ट लेबर की बात की है, वहां पर मान्यता प्राप्त यूनियन यह कहती है कि टैम्पोरेरी तो लेबर है, जो अस्थायी मजदूर हैं, उनको स्थायी किया जाए, स्थायी जगहों पर रखा जाए और जो दूसरी यूनियनें हैं, वह कह रही हैं कि कान्ट्रक्ट लेबर को पहले जगह दी जाए। अब श्रीमन् क्या किया जाए? मान्यता प्राप्त यूनियन की बात को माना जाए या अमान्यता प्राप्त यूनियन की बात को माना जाए। यह प्रश्न सिर्फ मेरे सामने नहीं है, बल्कि सब के सामने है। मेरे सामने यह प्रश्न मजदूर विभाग के मंत्री होने के नाते नहीं है। अपने हृदय पर हाथ रखकर अन्तरतर की गहराइयों में जाकर, हमारे साथी सोचें कि इसका क्या रास्ता हो सकता है? जब तक इसका रास्ता नहीं निकलेगा, तब तक औद्योगिक शांति नहीं हो सकती है। इसलिए आज यह आवश्यक है कि हम इन प्रश्नों को राजनीति से ऊपर ले जायें, अगर हम वास्तव में औद्योगिक शान्ति चाहते हैं, अगर हम वास्तव में इन सब प्रश्नों का निबटारा करना चाहते हैं, तो मैं श्रीमन् आपके माध्यम से विनम्रतापूर्वक निवेदन करना चाहूंगा कि हमें इन विद्वान सदस्यों को सहयोग देना चाहिए। मैं किसी को बुरा नहीं कहना चाहता कि इनकी मंशा बुरी है, जिनका जीवन श्रमिक आंदोलन को समर्पित रहा हो, उनसे मैं कह दूं कि उनकी मंशा बुरी है—यह मुझे शोभा नहीं देता है। लेकिन मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि आखिर रास्ता क्या है, आखिर उपाय क्या है?

हमारे सम्मानित वरिष्ठ साथी, श्री चित्त बसु ने यहां पर कहा कि शासन तो आज जो संगठित मजदूर पक्ष है, आर्गेनाइजड लेबर है, शासन उनके विरोध में है और उसके प्रति हमला बोला हुआ है। मैं विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि क्या ये स्वीकार नहीं करते कि आज करोड़ों श्रमिक ऐसे हैं, यह प्रश्न नहीं है कि संगठित मजदूरों को ज्यादा मिलता है लेकिन क्या ये इससे सहमत नहीं हैं कि आज जितने संगठित मजदूर हैं, उससे बहुत बड़ी संख्या में शायद चौगुनी संख्या में आज असंगठित मजदूर हैं। यह ठीक है कि आप अवश्य स्वीकार करते हैं, मुझे भरोसा है और इसे मस्तक हिलाकर स्वीकार करने के लिये मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि आज श्रमिक संगठनों की क्या स्थिति है। हमारे वरिष्ठ सदस्य, मेरे पुराने मित्र, प्रो० दंडवते जो बैठे हुए हैं, उन्होंने उनके जनता मंत्री मंडल ने शायद स्वीकार किया था और जनता प्लानिंग कमीशन ने जो एक ड्राफ्ट योजना भी बनाई थी। हमारे सम्मानित भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भी बैठे हुए हैं, उन्होंने भी शायद मंत्री मंडल में स्वीकार किया था, यह कोई पार्टी का प्रश्न नहीं है, हम सबको मानना पड़ेगा, चाहे हम हों या कोई और हो, उनके प्लान डाक्युमेंट में था कि

1. The real wages of workers in the (lower income) should not be allowed to fail. For other workers except supervisory and managerial personnel in the (highest income and those whose emoluments are far in excess of the average for similar skills, graded compensation for significant increase of cost should be granted.

[श्री नारायण दत्त तिवारी]

2. Real wages should also change in some relation to the change in real productivity per worker.

मान्यवर, आज प्रश्न यह है कि क्या हम केवल कुछ पेड़ों को देखें या सारे वन को देखें ? हमारा कहना यह है कि हम सारी वन राशि को देखें, सारे जंगल को भी देखें और पेड़ों को भी देखें । केवल एक वर्ग को देखना या यह कहना कि एल०आई०सी० में ऐसा हो गया या बैंक में ऐसा हो गया—यह काफी नहीं हैं । श्रम नीति की सफलता केवल यूनिट या हड़तालों की संख्या से ही नहीं देखी जा सकती ।

अब आप बंगलौर की कहानी सुनिए । कल मेरे परम मित्र संसद सदस्य ने बंगलौर की कहानी के बारे में कहा कि हम चुपचाप बैठे रहे । हम क्या चुपचाप बैठे रहे ? हमारे आग्रह पर मैनेजमेंट द्वारा 220 रु० से बढ़ाकर 225 रु० किया गया, प्रस्ताव रखा गया और पांच रुपया बढ़ाया गया और 300 रु० से 600 रु० एंडवांस का प्रस्ताव रखा गया । यह भी कहा गया कि अगर मामला सही है, एग्रीमेंट में बल है और यह कहा जाता है कि एग्रीमेंट को मान लिया गया था, समझौता मान लिया गया था, तो सरकार बाध्य है, मजबूर है, उस एग्रीमेंट को मानने के लिए । एग्रीमेंट ठीक है या नहीं, सरकार एग्रीमेंट मानने के लिए बाध्य है । तो सरकार की ओर से कहा गया कि इस सम्पूर्ण प्रश्न को पंचनामे को दे दीजिए, आर्बीट्रेशन में दे दीजिए, एडजूडीकेशन में दे दीजिए, जिस में एक हाई कोर्ट का जज रहे, यह प्रस्ताव मैनेजमेंट की ओर से, प्रबन्धकवर्ग की ओर से रखा गया था । अब यह कहना कि कुछ नहीं हुआ, ऐसी बात नहीं कहा जा सकती । यह कहा जा सकता है कि हमारी सारी मांगें मंजूर नहीं हुई लेकिन यह कहना कि कोई प्रगति नहीं हुई और कुछ नहीं किया गया, यह सत्य से परे होगा क्योंकि पंचनामे की बात भी कहीं गई थी, आर्बीट्रेशन, एडजूडीकेशन की भी बात कही गई थी लेकिन संघर्ष समिति को स्वीकार नहीं हो सकी । श्रीमन् यह जो स्वीकार नहीं किया गया, तो उस के अपने कारण होंगे, मैं इस में नहीं जाना चाहता । मैं यह कहना चाहता हूं कि आप जो यह कहते हैं कि सरकार ने इस सम्बन्ध में दरवाजे बिल्कुल बन्द कर दिये, यह सत्य से परे है । केवल यह तथ्य सदन के सामने लाना चाहता हूं ।

श्रीमन्, यह जो शासन है और यह जो सरकार है, जिस का इतिहास श्रमिकों ने बनाया है, जिस का इतिहास इस देश के दलित शोषित और पीड़ितों ने बनाया है और 94 सालों का जो इस पार्टी का इतिहास है, वह इन्हीं लोगों ने बनाया है । महात्मा गांधी जो ने टेक्सटाइल लेबर एसोसियेशन अहमदाबाद में बनाई थी । यह वही पार्टी है, जिस का आज शासन है । तो वह कांग्रेस शासन मजदूर विरोधी कैसे हो सकता है । जवाहरलाल नेहरु जी का जिसे आशीर्वाद प्राप्त रहा हो, श्री मौलाना आजाद का जिसे आशीर्वाद प्राप्त रहा हो, श्री वी. वी. गिरी और श्री एन. एम. जोशी का जिसे आशीर्वाद प्राप्त रहा हो, वह पार्टी, वह शासन मजदूर विरोधी कैसे हो सकता है ।

श्री नारायण चौबे : श्री वी. वी. गिरी को रिजाइन करना पड़ा था ।

श्री नारायण दत्त तिवारी : बाद को वही श्री गिरी राष्ट्रपति हुये थे । श्रीमन्, एक बात मैं और कहना चाहता हूं और हाथ जोड़ कर निवेदन करना चाहता हूं । क्या यह सम्भव है कि हर हड़ताल की हर यूनियन की हर बात कोई भी शासन क्या मान सकता है ? हमारा काम तो यह है कि हम दोनों के बीच समझौता

कराएं । क्या यह बात है कि लेबर मिनिस्ट्री खुद यह हुकुम दे दे कि हड़ताल की हर बात को मान लो ? क्या यह सम्भव है और श्रीमन, मैं यह कहना चाहत हूं कि यह सम्भव नहीं है । किसी भी देश में और आज दुनिया में कोई देश ऐसा नहीं है, जहां हर हड़ताल की हर बात मान ली गई हो । हर हड़ताल में एक समझौता होता है, एक समन्वय होता है और इस समन्वय को लाने की चेष्टा करना लेबर मिनिस्ट्री का यही काम है ।

पब्लिक सेक्टर की बात कही गई, सार्वजनिक क्षेत्र की बात कही जाती है । मैं यह कहना चाहता हूं कि पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर में फर्क है । पब्लिक सेक्टर के लिए इस संसद ने नियम बनाए हैं क्योंकि वह पूंजीपतियों का सेक्टर नहीं है, सरमायदारों का सेक्टर नहीं है । पब्लिक सेक्टर का एक कल्चर होना अभी शेष है और पब्लिक सेक्टर में समन्वय होना भी अभी शेष है । पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइज इतने बुरे हैं, मुझे आश्चर्य हुआ, श्री चित्त बसु जी की बात सुन कर । वे तो इतने बुजुर्ग हैं ।

श्री चित्त बसु : वह तो देश से बड़ा है, कैबिनेट से भी बड़ है ?

श्री नारायण दत्त तिवारी : कैबिनेट से बड़ा नहीं है । कैबिनेट का बनाया हुआ चालक है । श्रीमन, मैं यह कह रहा था ....

श्री नारायण चौबे : लेकिन वह भस्मासुर है ।

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी : वह आप के सिर पर सवार है ।.... **(व्यवधान)**

श्री नारायण दत्त तिवारी : मैं यह निवेदन कर रहा था कि आज पब्लिक सेक्टर के कई यूनिटों को सुधारने की जरूरत है, यह मैं स्वीकार करता हूं । पब्लिक सेक्टर का एक कल्चर होना चाहिए और हमें उसे और सुदृढ़ करना चाहिए । वह एक संस्कृति है, एक विचार है और सार्वजनिक क्षेत्र के उस विचार को हमें और परिपक्व करना चाहिए, इसे मैं स्वीकार करता हूं लेकिन इस का यह अर्थ नहीं है कि हम पब्लिक सेक्टर को कमजोर कर दें, पब्लिक सेक्टर में विश्वास रखते हुए, जो पब्लिक सेक्टर की मर्यादा है, मान्यताएं हैं और जो उस का उत्पादन है, उस को भी हम कम कर दें या आधा ही समाप्त कर दें । तो मैं यह चाहूंगा कि जो नेशनल लेबर कान्फ्रेंस होने जा रही है, राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को हम निमंत्रित कर रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी इस संसद के जो विद्वान सदस्य हैं, जो इन संगठनों के प्रतिनिधि हैं, उन के या उनके संगठनों के विचारों का पूरा लाभ हमें वहां प्राप्त होगा । इसीलिये मैं इस समय यहां कोई ऐसा वातावरण नहीं पैदा करना चाहता जिस से हमारे जो उद्देश्य हैं, जिन को हम प्राप्त करना चाहते हैं, उस से हम में और आप में किसी प्रकार का भेद बढ़ जाए । हम चाहते हैं कि उस राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में बहुत सी बातें चाहे वे नेशनल वेज पालिसी के बारे में और चाहे श्रम नीति के बारे में हों, चाहे वह किसी प्रकार के मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन के चयन करने के बारे में हो, उन सब प्रश्नों को हम सुलझाना चाहते हैं । **(व्यवधान)**

श्रीमन् यह कहा गया कि हमारा जो श्रम विभाग है उसके कुछ सेक्शंस वगैरहा में ढिलाई आ रही है । अगर आप देखें कि हमारे श्रम विभाग द्वारा 1 लाख 82 हजार इरेंगुलरिटीज पाई गयी थीं जिनमें से लगभग 1 लाख 61 हजार पर कार्यवाही की गयी ।

[श्री नारायण दत्त तिवारी]

श्रीमन् चाइल्ड वैल्फेयर के बारे में, बालकों के कल्याण के बारे में राजस्थान के मेरे मित्र को पूरी सूचना नहीं हुई इसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं । उन्होंने जो इसका जिक्र किया, मैं उनकी भावनाओं की कद्र करता हूं और उनको समझ सकता हूं । इन भावनाओं के पीछ उनकी जो पीड़ा है, दर्द है, उसको भी मैं समझ सकता हूं । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हर मामला विचाराधीन है ऐसा नहीं है । उसकी रिपोर्ट को अगर आप कृपा करके आप पूरा देखें तो मालूम होगा कि आर्डर्स आर अण्डर इशु । मेरे पास भी लिखा हुआ आर्डर है जिसमें चाइल्ड वैलफेयर, चाइल्ड लेबर के बारे में है कि अभी फरवरी में रिपोर्ट आयी और इस पर 13 मार्च, 1981 को निर्णय लिया गया । इसमें मैं एक बात की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं कि चाइल्ड वैल्फेयर एडवाइजरी बोर्ड बन गया है । उसकी पहली बैठक भी हो चुकी है । उसकी एक जो संस्तुति है वह बड़े महत्व की है । कमेटी ने यह कहा है जिसे हमने सिद्धांततः स्वीकार कर लिया है—

The Commitee recommends that the penalty provided in the existing laws for the violation of provisons relating to child labour should be made rigorous..... and imprisonment which may extend to one year or fine extending to Rs. 2,000 or both. In the case of second or continuing offence, penalty should be only imprisonment and that too for two years.

इस संस्तुति को स्वीकार कर लिया गया है ।

अब श्रीमान् एक बात और है । हमें राज्यों के श्रम मंत्रालयों का भी ध्यान रखना चाहिए । हमें इस बात की जानकारी है कि सारे राज्यों में श्रम मंत्रालय और पूरे श्रम विभाग हैं । कल श्री आनंद जी ने इस बात को कहा कि वैस्ट बंगाल गवर्नमेंट ने 11 सौ कांट्रैक्ट लेबर को रेगुलराइज कर दिया है । जब यहां पर राज्यों की बात आती है तो उसमें राज्य सरकार की तारीफ होती है । जैसे उन्होंने पश्चिमी बंगाल सरकार की तारीफ की लेकिन हमारी तारीफ नहीं की । अगर वे यह कह देते कि आपने भी इसे कराया तो उचित होता । लेकिन जहां हो गया वहां राज्य की तारीफ हो गयी और जहां नहीं हुआ हमको वहां जिम्मेदार कह दिया गया । (व्यवधान) इसका अर्थ क्या है ? इसी तरह से कहा गया कि वैस्ट बंगाल में कृषि के न्यूनतम वेजिज आठ रुपये सबको मिल रहे हैं—

MR. DEPUTY-SPEAKER: Credit goes to you also because 'Labour' is a Concurrent subject.

SHRI NARAYAN DUTT TIWARI: Sir, I do not want credit. I do not want discredit also.

श्रीमन् मैं यह कह रहा था कि एग्रीकल्चरल मिनिमम वेजिज के बारे में, एग्रीकल्चरल वर्कर्स के बारे में बिल बन गया है । अब जब कोई बिल बनता है तो उसके बारे में राज्य सरकारों से भी पूछना पड़ता है । अगर हम राज्य सरकारों से न पूछें तो क्या उचित होगा ? आप देखें कि कुछ राज्य सरकारों ने हमारी छठी पंचवर्षीय योजना को भी मंजूर नहीं किया, उसके उसूलों का विरोध किया, बाद में उन्होंने मान लिया कि योजना के प्रोग्रामों को, कार्यक्रमों को हम मान लेंगे । अगर किसी बिल के बारे में हम राज्य सरकारों से न पूछें तो हमें जो शक्ति चाहिए, उसे लागू करने के लिए, वह पूरे अर्थ में नहीं मिलती है । अधिकतर कानून या नियम राज्य ही लागू करते हैं ।

श्रीमन्, इस प्रकार के एक नहीं कई कानून ऐसे हैं जिनके बारे में हम चाहते हैं कि उनको हम जल्दी से जल्दी यहां लाएं । प्रौविडेंट फण्ड एक्ट के बारे में रामानुजम कमेटी की रिपोर्ट को लागू कर के, 6 महीने के अन्दर हमने कानून लाने का जो वायदा किया, प्रतिज्ञा की, उसको हम यथासंभव पूरा करेंगे । इसके लिए कांफ्रेंस बुलानी पड़ेगी, राज्य सरकारों से पूछना पड़ेगा । श्रमिक संगठनों से पूछना पड़ेगा । तभी हम 6 महीने के अन्दर प्रोविडेंट फण्ड एक्ट के बारे में कानून ला पायेंगे । उसमें यह भी व्यवस्था है कि दस मजदूरों तक वह प्रोविडेंट फण्ड एक्ट लागू होगा ।

इसी प्रकार से एम्प्लाईज स्टेट इंश्योरेंस कारपोरेशन के बारे में शिकायतें आयी हैं । मैं यह कह दूं कि वहां सब कुछ अच्छा चल रहा है तो यह उचित नहीं है । कुछ शिकायतें हैं । यहां पर कुछ माननीय सदस्यों ने प्रोविडेंट फण्ड के बारे में भी कहा । उसके सम्बन्ध में हम जांच करायेंगे । मेरा प्रत्येक माननीय सदस्य से आग्रह है कि कहीं भी प्रोविडेंट फण्ड के लागू करने के बारे में, या इम्प्लाईज स्टेट इंश्योरेंस की कोई शिकायत उनके पास आये तो वह कृपा कर के हमें भेजिये ताकि हम उस पर उत्तर दे सकें कि हमने क्या किया है । इसलिए आप से आग्रह है कि आप ऐसी बातें हमारे प्रकाश में लाएं ताकि हमें विवरण प्राप्त हो सके । इसी प्रकार सम्मानित व्यास जी ने भीलवाड़ा के बारे में कहा, अगर ऐसा कोई कारण नहीं है, तो हम इस पर भी उचित निर्णय लेंगे और इसी प्रकार से आपने "मेवाड़ टैक्सटाइल मिल्स" के बारे में कहा, उसकी भी हम पूरी जांच करेंगे । इसी प्रकार से तमिलनाडु के श्री कंदस्वामी ने जो विवरण पेश किया है, उसके बारे में भी संबन्धित राज्य सरकार से बात की जाएगी ।

एक माननीय सदस्य : बंधुआ मजदूरों के बारे में क्या किया जा रहा है ?

श्री नारायण दत्त तिवारी : बंधुआ मजदूर कानून तो 1975 में ही मुक्त हो गए थे, तब मेरे छोटे भाई हमारे साथ थे ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : व्यवहार में क्या हो रहा है ?

श्री नारायण दत्त तिवारी : व्यवहार में श्रीमान् 25 करोड़ रुपया छठी पंचवर्षीय योजना में रखा गया है । 25 करोड़ रुपया बंधुआ मजदूरों की मुक्ति के लिए रखा गया है, इससे बंधुआ मजदूरों का रीहैब्लीटेशन किया जाएगा और बंधुआ मजदूरों को तो इसी साल रीहैब्लीटेट किया जाएगा । एग्रीकल्चर लेबर के संगठन में सहायता के लिए एक करोड़ रुपया रखा गया है ।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते : 50 करोड़ रखा था अब 25 करोड़ कम कर दिया गया है ।

श्री नारायण दत्त तिवारी : इस साल 3 करोड़ 25 लाख रुपया 17264 बंधक मजदूरों को रीहैब्लीटेट करने के लिए रखा गया है ।

इसी प्रकार एप्लाइज़ स्टेट इंशोरेंस एक्ट के बारे में हमारा इरादा यह है कि ढाई लाख और मजदूरों को जो कि बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के काम में लगे हुए हैं और जो सीजनल मजदूर हैं, जैसे चीनी के मजदूर, उन पर भी इस एक्ट को लागू किया जाए ।

ग्रेच्युटी एक्ट में भी संशोधन प्रस्तावित है । वर्क मैन्स कंपसेशन एक्ट में भी

[श्री नारायण दत्त तिवारी]

मुआवजे की राशि को बढ़ाने का प्रस्ताव है । पेमेंट आफ वेजेज एक्ट में कवरेज के विस्तार का प्रस्ताव है । इनके अलावा तीन और एक्ट—इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट, इंडस्ट्रियल एंप्लाएमेंट स्टैंडिंग आर्डर्स एक्ट और ट्रेड यूनियन्स एक्ट, इन तीनों के बारे में हम चाहेंगे कि इसी सत्र में अगर सदन इजाजत दे और इनमें से 2-4 कानून पास कर दिए जाएं, आपकी बड़ी कृपा होगी। मैं आपकी मजबूरी भी समझता हूं कि 60-70-100 बिल आपके सामने और बिजनिस एडवाइजरी कमेटी के सामने आ जाते हैं और आपके सामने कठिनाई यह होती है कि किसको प्राथमिकता दी जाए । मेरा आपसे आग्रह है कि आप कृपया श्रम-कानूनों को प्राथमिकता दिलायें ।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते : महिलाओं के बारे में अभी तक आपने कुछ नहीं कहा है ।

श्री नारायण दत्त तिवारी : श्रीमन्, इसी प्रकार केरल के नायर जी ने सरकस इंडस्ट्री के बारे में कहा, इसके बारे में भी कानून प्रस्तावित है । प्लांटेशन लेबर एक्ट अभी पास नहीं हुआ है, मुझे दुख है कि इसमें देर हुई है, राज्य सभा में यह बिल प्रस्तावित हुआ था, अब हम राज्य सभा से आग्रह करेंगे, संसदीय भाषा में—हम दूसरे सदन से प्रार्थना कर रहे हैं कि इस सत्र में इस पर विचार करे ।

पालेकर एवार्ड के बारे में चर्चा की गई । स्टेचुटरी वेज बोर्ड जरनलिस्ट्स के लिए है। हम चाहते हैं कि ऐसे ही अन्य वेज बोर्डों को स्टेचुटरी बनाया जाए । इसके लिए हम कानून प्रस्तावित कर रहे हैं । पालेकर एवार्ड के बारे में कहा गया कि टाइम्स आफ इण्डिया और स्टेट्स मैन वगैरह पत्र इस पर विचार नहीं कर रहे है । आपको मालूम है कि कुछ समाचार पत्रों के मालिकान कोर्ट में चले गए हैं और उन्होंने वहां से स्टे आर्डर ले लिया है । हमारी कठिनाई यह है कि अदालत के सामने हम मजबूर हो जाते हैं, लेकिन जहां तक मुझे जानकारी है, हमने प्रत्येक मुख्य मंत्री से इस बारे में बातचीत की है, राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठक अनदर भी उनसे अलग से बातचीत की गई । अधिकांश राज्यों में अधिकांश समाचारपत्रों ने पालेकर एवार्ड को मान लिया है । दुख की बात है कि चन्द समाचारपत्र अभी भी इसको स्वीकार नहीं कर रहे हैं, उन्होंने अदालतों का सहारा लिया है । यह उनका अधिकार है । लेकिन उनसे भी मैं आग्रह करूंगा कि वे पालेकर अवार्ड की जो आत्मा है, जो परिधान है, उसको समझें और उसको स्वीकार करें । उसमें कोई ऐसी बात नहीं है । मुझे दुख है कि टाइम्स आऊ इंडिया और स्टेट्समैन जैसे अखबार भी इतनी देर लगा रहे हैं । इस सब को देखते हुए हमने निर्णय लिया है कि इसको लागू करने के लिए राज्य श्रम मन्त्री के संयोजकत्व में एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाए जो पालेकर एवार्ड को सही मानों में लागू कराने की पूरी चेष्टा करे ।

पार्ट टाइम संवाददाताओं के निकाले जाने की बात भी बहुत से माननीय सदस्यों ने कही है और इसके बारे में भी बहुत से समाचार आए हैं । वर्किंग जरनलिस्ट्स की परिभाषा में ये भी आते हैं, अंशकालिक संवाददाता भी आते हैं, । इस बात को समाचारपत्र भी जानते हैं । बहुत से मुख्य मंत्रियों ने इस सम्बन्ध में कदम उठाए हैं और उन्होंने यह भी निर्णय लिया है कि वे उनको विज्ञापन देना बन्द

कर देंगे । इस सम्बन्ध में समाचारपत्रों के मालिकों को भी उनके द्वारा बुलाया गया है । विशेष रूप से जो छोटे समाचारपत्र हैं वे कठिनाई व्यक्त कर रहे हैं । हम समझते हैं कि जल्दी ही हम मालिकों को जब बुलाया जायेगा तो इसका कुछ समाधान निकल आएगा ।

बहुत से विषय हैं जिनका मैं उल्लेख कर सकता था लेकिन सदन के माननीय सदस्य तमाम बातों की जानकारी रखते हैं । जहां तक एम्प्लायमेंट का सम्बन्ध है छठी योजना में 3.4 करोड़ लोगों को नए रोजगार देने की बात कही गई है । सबसे अधिक हमने स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करने पर जोर दिया है । सैल्फ एम्प्लायमेंट के माध्यम से मैं समझता हूं कि करोड़ों लोगों को रोजगार मिल सकता है । बहुत सी योजनायें हैं जिनका उल्लेख समय-समय पर किया जा चुका है और बहुत सी जानकारी प्रश्नों के उत्तरों में दी जा चुकी है । लेकिन मैं इस बात को स्वीकार करता हू कि बेकारी का प्रश्न सबसे बड़ा प्रश्न है, न केवल शासन के समक्ष बल्कि सारे देश के समक्ष भी । बढ़ती हुई जनसंख्या भी एक मुख्य कारण है । शिक्षा का जो हमारा पुराना ढग है उसको बदलने में भी हम उतने सफल नहीं हुए हैं । ये सब बात हैं जिसकी वजह से यह बेकारी का प्रश्न हमारे सामने हैं । यह ऐसा प्रश्न हैं जिसको हम सब को मिल कर सोचना होगा और हम कैसे इन योजनाओं को सफलीभूत बनाए यह देखना होगा । बेकारी और बेरोजगारी दूर करने की योजनायें तभी सफल हो सकती हैं जब सदन का प्रत्येक सदस्य अपना सहयोग दे और बिना पार्टी का विचार किए, पार्टी के से ऊपर उठ कर हम सब एक राष्ट्रीय वातावरण बनाए ।

इन शब्दों के साथ मैं अति विनम्र शब्दों में इस माननीय सदन के सम्माननीय सदस्यों से आग्रह करूगा कि इन अनुदानों को वे स्वीकार करें । इस देश के निर्माण में श्रमिकों का महान योजदान है । इस देश के भविष्य को बनाने में, देश का निर्माण करने में कोटि-कोटि श्रमिकों का महायोगदान रहा है और रहेगा । श्रमिकों के नाम पर श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे कुछ साथियों ने कटौती के प्रस्ताव पेश किए हैं । श्रमिकों के नाम पर कटौती प्रस्ताव ? उनको यह कहना चाहिये था कि श्रमिकों के लिये रुपया और बढ़ाओ । मैं आग्रह करूंगा कि हमारे मित्रों ने जिन्होंने श्रमिकों के लिए अपना जीवन अर्पित किया है वे अपने कटौती प्रस्ताव वापिस ले लें और दिखा दें कि वे श्रमिकों के लिए कोई कटौती नहीं बल्कि और बढ़ोतरी चाहते हैं ।

श्रीमती प्रमिला दण्डवते : विमेंज एम्प्लायमेंट के बारे में मंत्री महोदय ने कुछ नहीं बताया है । मिनिस्टर आफ स्टेट महिला हैं । यह देश का बहुत बड़ा सवाल है । क्या उन्होंने कोई टारगेट फिक्स किए हैं ? इक्वल रिम्युनरेशन एक्ट के बारे में कुछ नहीं कहा है, बीड़ी वर्कज के लिए कुछ नहीं कहा है ।

श्री नारायण दत्त तिवारी : महिलाओं के बारे में योजना में 27 वां पूरा चैप्टर है ।

श्रीमती प्रमिला दंडवते : नैशनल कमीशन फौर वीमन के बारे में आपने कुछ नहीं कहा ।

श्री नारायण दत्त तिवारी : आप जब मिलेंगी तो बात करेंगे ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri A. K. Roy. Do not make a speech.

SHRI A. K. ROY: The Contract Labour Abolition Act defines what is the perennial nature of a job. What is the fate of the workers after departmentalisation? The Minister may clarify this firstly. Secondly, 9,000 workers of Dali Raja Hare Ore are on strike. I want an assurance whether you will take some initiative in the matter?

SHRI NARAYAN DATT TIWARI: I would like to invite you over a cup of tea to discuss this matter with me.

एक माननीय सदस्य : कट मोशन्स जितने दिये गये हैं उनका आप जवाब देंगे ? और 30 लाख बीड़ी मजदूरों के बारे में आपने कुछ नहीं कहा ।

श्री नारायण दत्त तिवारी : जितने भी माननीय सदस्यों ने भाषण दिये हैं और जो भी उल्लेखनीय बात कही हैं मैं उनका उत्तर अलग अलग भिजवा दूंगा ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: In view of the appeal made by the hon. Minister, the hon. Members would agree to withdraw their cut motions.

SEVERAL HON. MEMBERS: No.

MR. DEPUTY-SPEAKER: If the House agrees, I shall put all the cut motions moved to these demands together.

All the cut motions were put and negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the Demands for Grants relating to the Ministry of Labour to the vote of the House.

The question is:

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the Fourth column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1982, in respect of the heads of demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 65 and 66 relating to the Ministry of Labour."

The motion was adopted.

Demands for Grants 1981-82 in respect of Ministry of Labour Voted by Lok Sabha

No. of Demand	Name of Demand	Amount of Demand for Grant on Account voted by the House on 13-3-1981		Amount of Demand for Grant voted by the House	
1	2	3		4	
		Revenue Rs.	Capital Rs.	Revenue Rs.	Capital Rs.
MINISTRY OF LABOUR					
65.	Ministry of Labour	16,21,000	..	81,06,000	..
66.	Labour and Employment	12,11,60,000	2,12,000	60,58,03,000	10,63,000

18.02 hrs.

ARREST OF MEMBER

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have to inform the House that the Speaker has received the following wireless message from the Commissioner of Police, Calcutta today:—

"I have the honour to inform that Shri Ashok Sen, Member, Lok Sabha courted arrest along with others at 13.20 hours on 7-4-1981 at Alipore Criminal Court Compound, Calcutta".

The House stands adjourned till 11 A.M. on 8th April, 1981.

18.04 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, the April 8, 1981/Chaitra 18, 1903 (Saka)

GMGIPMRND—368 LS—Mono— 2-7-81—800